प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



नाज़ुक वक़्त में भी ईरान -भारत ने पेश की आपसी समझ की बेहतर मिसाल पेज- 2

कंपोजिट विद्यालय बिलंदपुर में ताला काटकर चोरी पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 79 | मंगलवार 10 मार्च, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## ममता का आरोप, धरना स्थल पर भाजपा बांट रही पर्चे, कार्यकर्ताओं से कहा- पकड़कर पुलिस को सौपें

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यहां धरनास्थल पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसकी श्एजेंसियोंश द्वारा पर्चे बांटे जाने का आरोप लगाते हुए सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे ऐसे लोगों को पकड़ें और पुलिस के हवाले कर दें। मतदाता सूची के विशेष गहण परीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ पिछले तीन दिनों से शहर के बीचों–बीच धर्मतला में धरना दे रही ममता ने राज्य की मंत्री शशि पांजा को निर्देश भी दिया कि वह इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं। वह स्पष्टतया उन पर्चों का जिक्र कर रही थीं, जिनमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 14 मार्च को कोलकाता में होने वाली रैली का प्रचार किया गया था और जिन्हें कथित तौर पर वहां वितरित किया गया था। उन्होंने अपने समर्थकों से कहा, उन्हें (भाजपा और इनकी एजेंसियों को) किसी अन्य राजनीतिक दल के कार्यक्रमों में इस तरह के पर्चे बांटने का कोई अधिकार नहीं है। उन्हें पकड़ो और पुलिस के हवाले कर दो। बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी प्रक्रिया में हेरफेर करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया, उन्हें जनता का समर्थन प्राप्त नहीं है। वे वोट चोर हैं। वे एजेंसियों का इस्तेमाल करते हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि पर्चे बांटने में शामिल लोग पकड़े जाने के बाद भाग गए थे।



## कोच्चि सम्मेलन में राजग के विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

(एजेंसी) कोच्चि। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 मार्च को यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे, जिसमें लगभग 50 हजार लोगों के भाग लेने की संभावना है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोदी कलूर में जवाहरलाल अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित होने वाले सम्मेलन में भाग लेंगे। भाजपा के राज्य महासचिव एस. सुरेश ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि राजग आगामी विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान के लिए श्मोदी के साथ बदलाव लाएं, विकसित केरलम बनाएं नारा तय किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के बुधवार को यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचने की उम्मीद है, जहां से वह अखिल भारतीय केरल धीवरा सभा के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेने के लिए हेलीकॉप्टर से मरीन ड्राइव जाएंगे। सुरेश ने कहा कि इसके बाद वह कलूर स्टेडियम में सरकारी कार्यक्रमों में शामिल होंगे और वह विभिन्न सरकारी पहलों की शुरुआत करेंगे। नेता ने कहा, यहां से, अपराह्न 1.00 बजे से 1.30 बजे के बीच उनके राजग सम्मेलन में पहुंचने की उम्मीद है। आधिकारिक कार्यक्रम में भाग लेने के समय प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत किया जाएगा, और एक रोडशो भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रोडशो में पार्टी के 10,000 से अधिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। यह रोडशो स्टेडियम के प्रवेश द्वार से शुरू होकर सरकारी कार्यक्रम के स्थल तक जाएगा।



## ईरान को मिला नया सुप्रीम लीडर

### -अली खामेनेई के बाद बेटे मोजतबा खामेनेई बने देश के सर्वोच्च नेता

(एजेंसी) तेहरान। मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सुप्रीम लीडर घोषित किया गया है। उन्होंने अपने पिता अली खामेनेई की जगह ली है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब ईरान का अमेरिका और



इजराइल के साथ संघर्ष जारी है और हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं। सोमवार को ईरान की एसेंम्बली ने मतदान के बाद मोजतबा खामेनेई को देश का नया सर्वोच्च नेता चुनने का ऐलान किया। यह परिषद 88 इस्लामी धर्मगुरुओं का एक समूह है, जिसका काम ईरान के सुप्रीम लीडर का चुनाव करना होता है। तेहरान समयानुसार आधी रात के बाद जारी बयान में असेंबली ने कहा कि "निर्णायक वोटिंग के बाद आयतोल्लाह सैयद मोजतबा होसैनी खामेनेई को इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान का तीसरा सर्वोच्च नेता नियुक्त किया जाता है। सुप्रीम लीडर का पद ईरान में सबसे शक्तिशाली माना जाता है। इस पद पर बैठा व्यक्ति देश की सरकार, सेना और विदेश नीति सहित लगभग सभी बड़े फैसलों पर अंतिम अधिकार रखता है। मोजतबा खामेनेई एक मध्यम स्तर के धर्मगुरु माने जाते हैं, लेकिन ईरान के सुरक्षा तंत्र और अपने पिता से जुड़े बड़े कारोबारी नेटवर्क में उनका प्रभाव काफी मजबूत रहा है। इसी वजह से उन्हें पहले से ही सुप्रीम लीडर पद का प्रमुख दावेदार माना जा रहा था। मोजतबा की नियुक्ति से डोनाल्ड ट्रंप नाराज हो सकते हैं। ट्रंप ने रविवार को कहा था कि वॉशिंगटन को ईरान के नए नेता के चयन में भूमिका मिलनी चाहिए। उन्होंने एक न्यूज चौनल से बातचीत में कहा, "अगर उसे हमारी मंजूरी नहीं मिलेगी, तो वह ज्यादा समय तक नहीं टिक पाएगा।" वहीं इजराइल ने पहले ही चेतावनी दी थी कि जो भी नया नेता चुना जाएगा, वह उसके निशाने पर हो सकता है। ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत एक सप्ताह पहले हुए हमलों में हुई थी। यह हमला अमेरिका और इजराइल द्वारा शुरू किए गए सैन्य अभियान के शुरुआती चरण में हुआ था। इस युद्ध में अब तक भारी नुकसान हो चुका है। ईरान के संयुक्त राष्ट्र में राजदूत के मुताबिक, अमेरिकी–इजराइली हमलों में कम से कम 1,332 ईरानी नागरिकों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग घायल हुए हैं। दूसरी ओर, अमेरिकी सेना ने बताया कि ईरान के जवाबी हमले में घायल हुए सैनिकों में से एक और अमेरिकी सैनिक की मौत हो गई है। इस तरह अब तक 7 अमेरिकी सैनिकों की जान जा चुकी है। ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबफ ने कहा कि ईरान इस युद्ध में सीजफायर (युद्धविराम) नहीं चाहता और हमलावर देशों को सख्त सजा दी जाएगी।

# ईरान युद्ध पर राज्यसभा में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

### -नागरिकों को निकालने के लिए हमारे दूतावास मुस्तैद, विपक्ष का वाकआउट

(एजेंसी) नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र का सोमवार से दूसरा चरण शुरू हो गया है। इसके भी हंगामेदार रहने के आसार हैं। सत्र के पहले दिन लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए विपक्ष के प्रस्ताव पर चर्चा होगी। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ईरान जंग पर राज्यसभा में बयान दे रहे हैं। जयशंकर ने सदन में यह जानकारी दी कि भारत इलाके में सॉवरेनिटी का समर्थक है और हमारा मत है कि किसी भी समस्या का समाधान बातचीत के जरिये तलाशा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गल्फ रीजन में एक करोड़ भारतीय रहते हैं और इनकी सुरक्षा को लेकर सीसीएस की बैठक में भी चिंता जताई गई। विदेश मंत्री ने इस युद्ध में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम भारतीयों के संपर्क में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमने जनवरी में ही अपने नागरिकों को आगाह किया था और कहा था कि जितनी जल्दी हो, स्वदेश लौट आएं। हमारे दूतावास ने भी एडवाइजरी जारी की थी। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के प्रति सतर्क है। सप्लाई चेन प्रभावित हुई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर के राज्यसभा में बयान के दौरान विपक्षी सदस्य हंगामा करते हुए वॉकआउट कर गए। इस पर नेता सदन जेपी नड्डा ने जमकर हमला बोला। जेपी नड्डा ने विपक्ष के व्यवहार की निंदा की और इसे गैर



डॉ सुब्रह्मण्यम जयशंकर, विदेश मंत्री

जिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि विदेश मंत्री सभी मुद्दों पर विस्तार से बयान देने वाले हैं, यह जानते हुए भी विपक्ष के नेता ने एक–एक बातें गिनानी शुरू कर दी। विपक्ष के नेता शॉर्ट डिस्कशन की डिमांड कर रहे थे और सच तो यह है कि इनका भरोसा डिबेट में है ही नहीं। जब तक मोदी जी हैं, इनको वहीं बैठना है। विदेश मंत्री ने सदन में कहा कि ईरान में भारतीय छात्रों को दूतावास से मदद मिली। ईरान से लोगों को अर्मेनिया के रास्ते निकाला गया। भारतीयों की मदद के लिए प्रतिबद्ध हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब और कतर के नेतृत्व से बात की है। मैंने ईरान के विदेश मंत्री से 28 फरवरी और पांच मार्च को बात की है। विदेश मंत्री ने कहा कि ईरान के तीन जहाज हिंद महासागर में थे। हमने एक जहाज को ईरान के निवेदन पर डॉकिंग की परमिशन दी, शरण दी। इसके लिए ईरान ने धन्यवाद भी कहा है। ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए हम सतर्क हैं। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि भारत शांति के समर्थन में है। हम नागरिकों की सुरक्षा के पक्ष में हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में पश्चिम एशिया संकट पर जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई चेतावनी और सलाह जारी की गई हैं। जयशंकर ने बताया 14 जनवरी को दूसरी चेतावनी जारी की गई, जिसमें भारतीय नागरिकों से यात्रा से बचने की सलाह और भी सख्त शब्दों में दी गई। इसी दिन मुंबई के डायरेक्टरेट जनरल ऑफ शिपिंग ने भारतीय समुद्री कर्मियों के लिए अपनी चेतावनी जारी की और उन्हें दूतावास की सलाह का पालन करने तथा जहाजों की अनावश्यक गतिविधियों से बचने का निर्देश दिया। भर्ती और शिपिंग कंपनियों से कहा गया कि वे भारतीय समुद्री कर्मियों को ईरान भेजने या नियुक्त न करें। उन्होंने आगे बताया हमारी स्थिति का आकलन करते हुए भारतीय दूतावास, तेहरान ने 14 फरवरी को एक और सलाह जारी की, जिसमें भारतीय नागरिकों, छात्रों, तीर्थयात्रियों, व्यापारियों और पर्यटकों से ईरान छोड़ने के लिए सभी उपलब्ध परिवहन साधनों का उपयोग करने और किसी भी सहायता के लिए दूतावास से संपर्क करने का निर्देश दिया गया। 24 7 मदद भी उपलब्ध कराई गई। यह सलाह 23 फरवरी को एक बार फिर सख्त शब्दों में दोहराई गई। कई लोग इन चेतावनियों का पालन कर देश छोड़ चुके हैं, लेकिन कई अन्य अभी भी ईरान और इराक में हैं। हम अपने मछुआरों के संपर्क में भी हैं, जो इराक से काम कर रहे हैं। यह स्थिति 28 फरवरी 2020 तक बनी रही। विदेश मंत्री ने राज्यसभा में पश्चिम एशिया संकट पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय स्थिति गंभीर है और सुरक्षा हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। इस संघर्ष ने अन्य देशों में भी तबाही और आतंक फैला दिया है। पूरे क्षेत्र में सामान्य जीवन और आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हुई हैं, कुछ जगहों पर पूरी तरह ठप हो गई हैं। जयशंकर ने बताया कि इस गंभीर स्थिति के मद्देनजर 1 मार्च को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट कमेटी ऑफ सिक्योरिटी (सीसीएस) की बैठक हुई। बैठक में ईरान पर हवाई हमले और खाड़ी के कई देशों में हुए हमलों के बारे में जानकारी दी गई। सीसीएस ने क्षेत्र में भारतीय समुदाय की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की। विदेश मंत्री ने कहा षसरकार संघर्ष के शुरू होने के बाद से पश्चिम एशिया में स्थिति का निरंतर मूल्यांकन कर रही है। हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं कि वहां फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित वापस लाया जाए।ष विदेश मंत्री ने सदन से यह भी साझा किया कि भारत की विदेश नीति क्षेत्रीय शांति बनाए रखने और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार सक्रिय है। विदेश मंत्री जयशंकर ने राज्यसभा में पश्चिम एशिया की स्थिति पर बयान देते हुए कहा प्रधानमंत्री लगातार उभरती घटनाओं पर करीब से नजर बनाए हुए हैं और संबंधित मंत्रालय प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए समन्वय कर रहे हैं। जयशंकर ने सदन को भरोसा दिलाया कि भारत की विदेश नीति क्षेत्रीय घटनाओं पर सतर्क प्रतिक्रिया देने और देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार सक्रिय है।

## वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम में तेजी से महंगाई पर नहीं पड़ेगा खास असर : निर्मला सीतारमण

(एजेंसी) नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का महंगाई पर खास असर पड़ने की संभावना नहीं है क्योंकि देश में मुद्रास्फीति पहले से ही अपने निचले स्तर के करीब है। सीतारमण ने लोकसभा में एक लिखित सवाल के जवाब में कहा कि वैश्विक कच्चे तेल और भारतीय बास्केट (अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों का भारांश औसत, जिनकी खरीद भारतीय रिफाइनरी करती हैं) दोनों की कीमतों में पिछले एक वर्ष से लगातार गिरावट का रुख था। 28 फरवरी, 2026 को पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद से इसमें तेजी आई है। वित्त मंत्री ने कहा, फरवरी के अंत से दो मार्च, 2026 तक कच्चे तेल की कीमत (भारतीय बास्केट) 69.01 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 80.16 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गई। चूंकि भारत में मुद्रास्फीति अपने निचले स्तर के करीब है, इसलिए फिलहाल महंगाई पर इसका प्रभाव महत्वपूर्ण नहीं माना जा रहा है। वह इस सवाल का जवाब दे रही थीं कि क्या सरकार ने देश में मुद्रास्फीति पर बढ़ते वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों के प्रभाव की समीक्षा की है। अमेरिका और इजराइल के 28 फरवरी को ईरान पर सैन्य हमले के बाद से वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं। हमले के जवाब में ईरान ने क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों के साथ–साथ इजराइल पर भी हमले किए हैं। इस सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक की अक्टूबर, 2025 की मौद्रिक नीति रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया था कि यदि कच्चे तेल की कीमत आधारभूत अनुमानों से 10 प्रतिशत



अधिक होती हैं और घरेलू कीमतों पर इसका पूरा प्रभाव पड़ता है, तो मुद्रास्फीति 0.3 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। हालांकि, मुद्रास्फीति पर वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का मध्यम अवधि का प्रभाव कई कारकों पर निर्भर करता है। इसमें विनिमय दर में उतार–चढ़ाव, वैश्विक मांग और आपूर्ति की स्थिति, मौद्रिक नीति का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाना, सामान्य मुद्रास्फीति की स्थिति और अप्रत्यक्ष प्रभाव की सीमा शामिल हैं। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित औसत खुदरा मुद्रास्फीति 2025–26 (अप्रैल–जनवरी) में घटकर 1.8 प्रतिशत पर रही। जबकि 2024–25 में यह 4.6 प्रतिशत और 2023–24 में 5.4 प्रतिशत थी।

## राज्यसभा में बोले नागरिक उड्डयन मंत्री, जल्द ही सामने आएगी एअर इंडिया विमान हादसे की जांच रिपोर्ट

(एजेंसी) नई दिल्ली। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने एअर इंडिया की उड़ान



एआई171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले की जांच तेजी से जारी है और विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की रिपोर्ट जल्द ही सामने आएगी। इस हादसे में विमान में सवार 241 लोगों सहित कुल 260 लोग मारे गए थे। नायडू ने प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के जवाब में बताया कि मंत्रालय एएआईबी को आवश्यक सभी संसाधन उपलब्ध करा रहा है और रिपोर्ट वर्ष के अंत तक जारी होने की संभावना है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और उड़ान परिचालन की सुरक्षा पर भी मंत्री ने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विभिन्न एयरलाइन के साथ तत्काल बैठकें की हैं और दिशा–निर्देश जारी किए हैं ताकि केवल तब ही उड़ान संचालित हो जब पूरी सुरक्षा सुनिश्चित हो। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले सप्ताह लगभग 90,000 भारतीय नागरिक इस क्षेत्र से सुरक्षित भारत लौटे हैं। नायडू ने बताया कि गृह मंत्रालय की ओर से समय–समय पर यात्रा परामर्श जारी किए जा रहे हैं और मंत्रालय एयरलाइन की मदद से सुरक्षित उड़ानों और नागरिकों की वापसी सुनिश्चित करने में पूरी कोशिश कर रहा है। भविष्य की योजनाओं के बारे में मंत्री ने कहा कि अगले 20 वर्षों में देश में 200 और हवाई अड्डे खोले जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रतिदिन लगभग पांच लाख यात्री घरेलू और 1–2 लाख यात्री अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का उपयोग कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि अगले पांच वर्षों में 50 और, और अगले 20 वर्षों में कुल 350 हवाई अड्डे बनाने का लक्ष्य है। सुरक्षा उपायों पर चर्चा करते हुए मंत्री ने बताया कि डीजीसीए के पास बहु–स्तरीय और कड़े निगरानी तंत्र हैं और अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) के मानक पूरी तरह लागू किए जाते हैं। उन्होंने डिजिटल निगरानी का उदाहरण देते हुए कहा कि अब हर विमान को डिजिटल रूप से ट्रैक किया जाता है और सभी सुरक्षा मानकों का पालन समय पर सुनिश्चित किया जाता है।

## राज्यसभा चुनावः भाजपा ने नियुक्त किए केंद्रीय पर्यवेक्षक, विजय शर्मा को मिली बिहार की जिम्मेदारी

(एजेंसी) रायपुर। राज्यसभा की रिक्त सीटों के लिए होने वाले चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। देश के 10 राज्यों की 37 सीटों पर 16 मार्च को मतदान प्रस्तावित है। इस चुनावी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित तरीके से संचालित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विभिन्न राज्यों के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। पार्टी नेतृत्व ने छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को बिहार में होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी है। उनके साथ केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा को भी पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए चुनाव होना है, जहां कुल छह उम्मीदवार मैदान में हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, पूर्व विधायक शिवेश कुमार तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेंद्र कुशवाहा ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं, राष्ट्रीय जनता दल ने एडी सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया है। पांचवीं सीट को लेकर मुकाबला रोचक हो गया है, जिसके चलते चुनाव की स्थिति बन गई है। इसी परिप्रेक्ष्य में भाजपा ने चुनाव प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए अपने वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी है। पार्टी ने हरियाणा के लिए गुजरात के उप मुख्यमंत्री हर्ष सांघवी को केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाया है, जबकि ओडिशा में महाराष्ट्र सरकार के मंत्री चन्द्रशेखर बावनकुले को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा नेतृत्व का मानना है कि इन नियुक्तियों से चुनावी प्रक्रिया में समन्वय और निगरानी मजबूत होगी।

# सम्पादकीय

## गोपनीय रिपोर्ट का दावा
## खामेनेई के शासन का अंत असंभव

28 फरवरी की सुबह, जब तेहरान जागकर उठा, तो अयातुल्ला अली खामेनेई ईरानी राजधानी के मध्य में स्थित पाश्चर स्ट्रीट पर एक नेतृत्व परिसर में पहुंचे। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि 86 वर्षीय सर्वोच्च नेता ने पिछले कई सप्ताह के बाद एक उच्च स्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए बाहर आए थे। मगर, कुछ ही घंटों में उनकी मौत हो गई। जिस हथियार ने उन्हें मारा, वह न तो धीरे–धीरे आया और न ही वह आसपास से आया। उन्हें मौत देने वाली इजरायल की नीली चिड़िया थी, और सीधे अंतरिक्ष से चलकर आई थी। इस नीली चिड़िया को इजरायल में ब्लू स्पैरो कहा जाता है और ये लड़ाकू विमान से दागी जाने वाली एक मिसाइल है। बहरहाल, वहीं बात अब एक गोपनीय रिपोर्ट की तो मालूम हो कि अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया परिषद की एक गोपनीय रिपोर्ट में पाया गया है कि अमेरिका के ईरान पर हमले के बाद भी इस्लामी गणराज्य के मजबूत सैन्य और धार्मिक तंत्र को उखाड़ फेंकना असंभव होगा। यह आकलन तब चिंताजनक है, जब ट्रंप प्रशासन एक लंबे सैन्य अभियान की आशंका जता रहा है, जिसके बारे में अधिकारियों का कहना है कि यह अभी शुरू ही हुआ है। इस रिपोर्ट की जानकारी रखने वाले तीन लोगों ने वाशिंगटन पोस्ट को इसकी पुष्टि की है। इससे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान के नेतृत्व ढांचे को पूरी तरह से साफ करने और अपनी पसंद के आदमी को ईरान में सत्ता पर बैठाने की चाह पर सवाल खड़े हो गए हैं। ये रिपोर्ट 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल की तरफ से युद्ध शुरू करने से लगभग एक सप्ताह पहले पूरी हुई थी। रिपोर्ट में आकलन ये था कि अगर ईरान के नेताओं के खिलाफ एक सीमित अभियान या उसके नेतृत्व और सरकारी संस्थानों के खिलाफ एक बड़ा हमला किया गया तो दोनों ही मामलों में, ईरान का धार्मिक और सैन्य प्रतिष्ठान सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या का जवाब सत्ता बनाए रखकर देगा। गोपनीय रिपोर्ट पर चर्चा करने के लिए नाम न छापने की शर्त पर बात करने वाले लोगों ने बताया कि ईरान के बिखरे हुए विपक्ष द्वारा देश पर नियंत्रण हासिल करने की संभावना असंभव है। राष्ट्रीय खुफिया परिषद (एनआईसी) अनुभवी एक्सपर्ट से बनी है जो गोपनीय आकलन तैयार करते हैं। इनका उद्देश्य वाशिंगटन की 18 खुफिया एजेंसियों की खुफिया जानकारियों का आकलन करना होता है। व्हाइट हाउस ने यह नहीं बताया कि सैन्य अभियान को मंजूरी देने से पहले राष्ट्रपति को इस आकलन की जानकारी दी गई थी या नहीं। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता अन्ना केली ने एक बयान में कहा, राष्ट्रपति ट्रंप और प्रशासन ने ऑपरेशन एपिक यूरी के संबंध में अपने लक्ष्य स्पष्ट रूप से बताए हैं कि ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलों और उत्पादन क्षमता को नष्ट करना, उनकी नौसेना को ध्वस्त करना, उनके प्रॉक्सी को हथियार देने की क्षमता को समाप्त करना और उन्हें कभी भी परमाणु हथियार प्राप्त करने से रोकना। उन्होंने आगे कहा, ईरानी शासन को पूरी तरह से कुचल दिया जा रहा है।


नफीस जाफरी

## ट्रंप के मूड की तलवार

इस दौर में अमेरिका के साथ हुए हर समझौते के टिकाऊपन पर हमेशा राष्ट्रपति ट्रंप के मूड की तलवार लटकी रहती है। फिर अमेरिका के भीतर स्थितियां अस्थिर हैं। ट्रंप के कदमों पर वहां राजनीतिक आम सहमति नहीं है। अमेरिका ने अब भारत से सौर ऊर्जा से संबंधित पाट–पुर्जों के आयात पर 126 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। इसे भारत के फूलते–फलते सौर उद्योग पर घातक प्रहार समझा गया है। डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने ये कदम उस समय उठाया, जब अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद टैरिफ वॉर के स्वरूप को लेकर अनिश्चय है। ट्रंप ने जिस कानून के तहत दंडात्मक आयात शुल्क लगाए थे, सुप्रीम कोर्ट ने उसे अवैध ठहरा दिया। उसके बाद ट्रंप ने दूसरे कानून के तहत सभी देशों पर दस फीसदी टैरिफ लगाया। बाद में कहा गया कि वे इसे 15 फीसदी तक ले जाएंगे। अब बताया गया है कि आम टैरिफ 10 फीसदी रहेगा और ट्रंप बाकी पांच फीसदी का इस्तेमाल विभिन्न देशों के रुख के हिसाब से करेंगे। इस बीच अलग–अलग उत्पादों (मसलन स्टील) पर लगाए गए शुल्क जारी रहेंगे और नए शुल्क भी ट्रंप लगाते रहेंगे, जैसाकि अब उन्होंने सौर ऊर्जा से संबंधित पाट–पुर्जों पर लगाया है। ऐसे में भारत सहित हर देश के सामने यह प्रश्न है कि ट्रंप प्रशासन से द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने का क्या औचित्य है? किसी समझौते के तहत हुई लेनदेन से देश के अधिकांश उद्योगों और अर्थव्यवस्था के ज्यादातर क्षेत्रों को लाभ ना हो रहा हो, तो वैसा समझौता करने की ललक क्यों दिखाई जानी चाहिए? मुद्दा यह भी है कि इस दौर में अमेरिका के साथ हुए समझौते के टिकाऊपन पर हमेशा ट्रंप के मूड की तलवार लटकी रहती है। फिर अमेरिका के भीतर स्थितियां अस्थिर हैं। ट्रंप जो कर रहे हैं, उस पर वहां राजनीतिक आम सहमति नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्णय जाहिर हुआ है कि शासन की सभी संस्थाओं के बीच उन कदमों की वैधानिकता पर आम समझ का अभाव है। इसलिए भारत सरकार को ताजा स्थितियों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। अभी भी समय है कि वह पहले इस बारे में देश को भरोसे में ले और राजनीतिक आम सहमति तैयार करे। वरना, समझौते के प्रति उसके उत्साह पर सवाल उठते रहेंगे। उसे याद रखना चाहिए कि ट्रंप के हर मूडी एक्शन के साथ ऐसे सवाल और संगीन होते जाएंगे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने सम्प्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो /गाजीपुर। उच्च न्यायालय, किशोर न्याय समिति इलाहाबाद के निर्देशों के अनुपालन में सोमवार को राजकीय प्लेस ऑफ सेटी एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) का अर्चना–।।, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। राजकीय प्लेस ऑफ सेटी में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। आवासित किशोर उपस्थिति पंजिका सोमवार के अनुसार उपस्थित पाये गये। राजकीय प्लेस ऑफ सेटी गाजीपुर एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) को निर्देशित किया गया कि मीनू के अनुसार भोजन, साफ–सफाई, कपडे तथा स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य परीक्षण व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। बच्चों से प्रतिदिन शारीरिक गति विधि करायी जाये। किसी भी बालक द्वारा किसी उत्पीड़न अथवा परेशानी का कोई उल्लेख नहीं किया गया है।



# नाज़ुक वक़्त में भी ईरान -भारत ने पेश की आपसी समझ की बेहतर मिसाल


गुलफिशा खान

मध्य–पूर्व में चल रही जंग के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक ऐसा बयान दे दिया है जिसने हालात को और ज्यादा विस्फोटक बना दिया है। ट्रंप ने साफ कहा है कि ईरान के साथ अब कोई समझौता नहीं होगा, जब तक वह बिना शर्त आत्मसमर्पण नहीं कर देता। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान के साथ कोई डील नहीं होगी, सिवाय उसके बिना शर्त आत्मसमर्पण के। उन्होंने यह भी कहा कि उसके बाद ईरान में एक नया और स्वीकार्य नेतृत्व चुना जाएगा और अमेरिका तथा उसके सहयोगी देश मिलकर ईरान को आर्थिक रूप से फिर से खड़ा करेंगे। जानकारों का मानना है कि ट्रंप की इस मांग ने कूटनीतिक कोशिशों को मुश्किल बना दिया है क्योंकि जब एक पक्ष से आत्मसमर्पण की शर्त रख दी जाती है, तो बातचीत की गुंजाइश बहुत कम रह जाती है। वहीं दूसरी ओर ईरान के पोत डेना पर हुए अमेरिकी हमलों और उसमें भारत को बदनाम करने की कोशिशों के बीच ईरान ने भारत को थैंक यू बोला है। ये ईरान और भारत संबंधों और नाजुक समय की स्थितियों पर बेहतर समझ को दिखाता है। भारत के विदेश मंत्री ने हिंद महासागर में ईरानी पोत पर हुए हमले की पूरी कहानी भी बता दी है। भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथली ने बताया, हिंद महासागर में ईरानी नौसैनिक पोत आईरिस डेना से जुड़ी दुखद घटना के बाद, ईरान चालक दल के सदस्यों की स्थिति पर नजर रख रहा है और घटना के विभिन्न पहलुओं की जांच कर रहा है। मगर, इसी दौरान एक अन्य ईरानी नौसैनिक पोत आईरिस लवन तकनीकी और रसद संबंधी व्यवस्थाओं के लिए भारत के कोच्चि बंदरगाह पर पहुंचा है। मैं इस अवसर पर भारत सरकार और स्थानीय अधिकारियों को इस पोत के बंदरगाह पर पहुंचने और चालक दल को सहायता प्रदान करने में उनके सहयोग और मानवीय .ष्टिकोण के लिए हार्दिक धन्यवाद देना चाहता हूं। इन कठिन परिस्थितियों में भारतीय अधिकारियों का उत्.ष्ट समन्वय और सहयोग हमारे दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे मैत्रीपूर्ण संबंधों को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। हम भारत सरकार और जनता के बहुमूल्य समर्थन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हैं। हमें विश्वास है कि तेहरान और नई दिल्ली के बीच ऐतिहासिक और रचनात्मक संबंध भविष्य में भी बढ़ते और मजबूत होते रहेंगे। भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच कोच्चि में ईरानी नौसेना के जहाज को डॉक करने की अनुमति देने के भारत के फैसले को लेकर बयान दिया। रायसीना डायलॉग 2026 के 11वें संस्करण के आखिरी दिन उन्होंने कहा कि जहाज घटनाओं के गलत पक्ष में फंस गए थे। नई दिल्ली में रायसीना डायलॉग में विदेश मंत्री ने बताया कि कैसे भारत को ईरान की तरफ से उसके एक नौसेना के जहाज आईआरआईएस लवन को लेकर एक रिक्वेस्ट मिली थी। ईरानी नौसेना के जहाज ने इलाके में ऑपरेट करते समय तकनीकी समस्या की रिपोर्ट की थी। आईआरआईएस लवन ने पिछले महीने इंटरनेशनल लीट रिव्यू में हिस्सा लिया था। वह तकनीकी खराबी आने के बाद कोच्चि की ओर रवाना हुआ था। सरकार के मुताबिक श्रीलंका के दक्षिण में ईरानी फ्रिगेट आईआरआईएस डेना से जुड़ी घटना से कई दिन पहले ईरान ने भारत से संपर्क किया था। यह जहाज इंटरनेशनल लीट रिव्यू और मिलान 2026 अभ्यास के लिए ईरान की नौसेना की तैनाती के हिस्से के तौर पर इस इलाके में मौजूद था। इस अभ्यास का आयोजन 15 फरवरी से 25 फरवरी के बीच हुआ था। ईरानी साइड से तकनीकी खराबी की रिपोर्ट मिलने के बाद भारत ने 1 मार्च को डॉकिंग रिक्वेस्ट को मंजूरी दे दी थी। इसके बाद जहाज कोच्चि के लिए रवाना हुआ और वहां डॉक किया, जिसके 183 क्रू मेंबर अभी शहर में नेवल फैसिलिटी में रह रहे हैं। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि जब ईरान ने आईआरआईएस लवन के लिए मदद मांगी तो भारत ने इंसानियत वाला रवैया अपनाया था। उन्होंने कहा, "हमें ईरानी पक्ष से संदेश मिला कि एक शिप, जो शायद उस समय हमारी सीमा के सबसे पास था, हमारे पोर्ट में आना चाहता था। वे बता रहे थे कि उन्हें दिक्कतें आ रही हैं। यह 28 फरवरी की बात है। 1 मार्च को, हमने कहा कि आप आ सकते हैं और उन्हें आने में कुछ दिन लगे और फिर वे कोच्चि आए। बहुत सारे युवा कैडेट थे. वे पास की एक जगह पर उतर गए हैं। जब वे निकले और यहां आए, तो स्थिति बिल्कुल अलग थी। वे लीट रिव्यू के लिए आ रहे थे और फिर वे एक तरह से गलत स्थिति में फंस गए। मुझे लगता है कि यह इंसानियत का काम था।" ईरानी जहाज असल में क्षेत्रीय स्थिति बिगड़ने से पहले नौसेना इंगेजमेंट में हिस्सा लेने के लिए भारत आए थे। आईआरआईएस डेना, आईआरआईएस लवन और आईआरआईएस बुशहर जहाजों ने फरवरी की शुरुआत में विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना द्वारा होस्ट किए गए इंटरनेशनल लीट रिव्यू और मिलान 2026 नौसेना के अभ्यास में हिस्सा लिया था। आईआरआईएस डेना को लेकर डॉ एस. जयशंकर ने कहा, "दूसरे जहाजों के मामले में एक के साथ श्रीलंका में भी ऐसी ही स्थिति थी और उन्होंने जो फैसला लिया, वह उन्होंने लिया और एक दुर्भाग्य से नहीं ले पाया। हमने कानूनी मुद्दों को छोड़कर, मानवता के नजरिए से इसे देखा. मुझे लगता है कि हमने सही काम किया।" 4 मार्च को ईरानी फ्रिगेट आईआरआईएस डेना श्रीलंका में गाले के दक्षिणी तट से लगभग 40 नॉटिकल मील दूर इंटरनेशनल पानी में सफर करते समय यूनाइटेड स्टेट्स सबमरीन से दागे गए टॉरपीडो की चपेट में आ गया। श्रीलंकाई अधिकारियों के अनुसार, विशाखापत्तनम में नौसेना के अभ्यास से लौटते समय जहाज के डूबने के बाद समुद्र से 87 लाशें बरामद की गईं, जबकि 32 नाविकों को जिंदा बचा लिया गया। बाद में अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने इस घटना की पुष्टि की। इस घटना को लेकर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने इंडियन ओशन रीजन (आईओआर) के रणनीतिक डायनामिक्स के बारे में सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं पर भी टिप्पणी की। जयशंकर ने कहा, "इस पर सोशल मीडिया पर बहुत बहस चल रही है। सोशल मीडिया, अपने नेचर से, बहुत तीखे, गुस्से वाले, कभी–कभी बहुत ज्यादा विचारों को जाहिर करने का एक फोरम है। लोगों को यह कहने का हक है, लेकिन मेरा मतलब है, प्लीज हिंद महासागर की असलियत को समझें। डिएगो गार्सिया पिछले पांच दशकों से हिंद महासागर में है। यह कोई पिछले हते या पिछले महीने की बात नहीं है। यह बात कि जिबूती में विदेशी सेनाएं मौजूद हैं, इस सदी के पहले दशक की शुरुआत में हुई थी।"




# ईरान को आर्थिक चोट पहुंचाने के फ़िराक़ में ट्रंप


फरीद वारसी

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच ईरान के लगातार ड्रोन और मिसाइल हमले अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। शुरुआत में इजरायल और अमेरिका को उम्मीद थी कि ईरान पर हमले के बाद वह जल्दी झुक जाएगा। लेकिन सुप्रीम लीडर अली खामेनेई और कई सीनियर अधिकारियों की मौत के बावजूद ईरान हमले जारी रखने में सक्षम रहा है। अमेरिका और खाड़ी में मौजूद उसके सहयोगियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती ईरान के सस्ते ड्रोन बन गए हैं जिनकी कीमत को केवल 18 लाख रुपए तक की है लेकिन उनको मार गिराने के लिए अमेरिका जिन पैट्रियट मिसाइल का इस्तेमाल करता है, उनकी कीमत करीब 40 लाख डॉलर तक हो सकती है। मौजूदा स्थिति अमेरिका, इजरायल और खाड़ी के देशों के लिए चिंता बढ़ा रही है। सबसे बड़ा डर यह है कि कहीं उनके एयर डिफेंस सिस्टम के इंटरसेप्टर खत्म न हो जाएं, जबकि ईरान के पास अभी भी बड़ी संख्या में ड्रोन और मिसाइल मौजूद हैं। दरअसल अमेरिका और उसके सहयोगी आने वाले हमलों को रोकने के लिए कई एडवांस हथियार प्रणालियों का इस्तेमाल करते हैं। इनमें थाड इंटरसेप्टर, पैट्रियट मिसाइल सिस्टम और स्टैंडर्ड मिसाइल शामिल हैं। वहीं इजरायल लंबी दूरी के एरो इंटरसेप्टर का भी उपयोग करता है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इन इंटरसेप्टर की उपलब्धता पर भारी दबाव पड़ा है।ईरान–इजरायल युद्ध हर बीतते दिन के साथ और भयावह रूप लेता दिख रहा है। ईरान जहां एक तरफ खाड़ी के देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहा है वहीं दूसरी तरफ इजरायल पर भी लगातार हमला कर रहा है। हालांकि, अमेरिका और इजरायल भी ईरान पर लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहे हैं। अमेरिका ईरान को हर तरह से अलग थलग करने के लिए सभी विकल्पों पर विचार कर रहा है। उधर, खाड़ी के देश भी ईरान पर सख्ती करने का मन बनाते दिख रहे हैं। मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार अब संयुक्त अरब अमीरात खाड़ी देशों में रखी गई ईरानी संपत्तियों के अरबों डॉलर को फ्रीज करने पर विचार कर रहा है। यह कदम तेहरान की सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक जीवन रेखाओं में से एक को काटने के साथ ईरान की ताकत को कमजोर करने की बड़ी कोशिश साबित हो सकता है। अगर यूएई अपनी इस कार्रवाई को आगे बढ़ाता है तो इससे तेहरान को विदेशी मुद्रा और वैश्विक व्यापार के नेटवर्क को तगड़ा नुकसान पहुंच सकता है। इसका असर ईरान की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ना तय है। आपको बता दें कि ईरान पहले से ही मुद्रास्फीति (महंगाई) का दबाव झेल रहा है, साथ ही साथ बीते कुछ हतों से वो एक सैन्य संघर्ष का भी सामना कर रहा है। लिहाजा ऐसे में दूसरे देशों में रखी अपनी संपत्तियों के फ्रीज होने से वो चारों तरफ से घिर सकता है। उसके लिए इजरायल और अमेरिका के खिलाफ लड़ाई को पहले की गति से चला पाने में खासी दिक्कत आ सकती है। मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार यूएई के अधिकारियों ने ईरान को अपनी संभावित कार्रवाई को लेकर चेतावनी भी दी है। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं है कि यूएई सरकार ने ईरान के फंड फ्रीज करने को लेकर क्या समय सीमा तय की है। ईरान की चारो तरफ से घेराबंदी करने के लिए अमेरिका और इजरायल ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के ठिकानों और उनसे जुड़ी सेल कंपनियों को निशाना बना रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि अमेरिका और इजरायल ऐसा करके ईरान को बैक डोर से होने वाली फंडिंग को रोकना चाहते हैं। अगर ऐसा हुआ तो इससे ईरान इस युद्ध में बगैर वित्तीय मदद के लंबे समय तक इस तेजी से पलटवार नहीं कर पाएगा। बीते कुछ समय में अमेरिका और इजरायल ने प्त्ळ के ठिकानों और उनसे जुड़ी कंपनियों के कंपाउंड पर मिसाइल अटैक किया है। साथ ही ईरान के सैन्य बुनियादे ढांचे को भी बर्बाद किया गया है। अमेरिका–इजरायल की इस कार्रवाई से ईरान की एक्सिस ऑफ रेसिस्टेंस को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। ऐसा होने से ईरान इस युद्ध में हर बीतते दिन के साथ कमजोर पड़ सकता है। इस युद्ध में ईरान की कमर तोड़ने के लिए अमेरिका और इजरायल हर तरीके का इस्तेमाल करने की तैयारी में है। कहा जा रहा है कि ये दोनों देश आने वाले समय में खामेनेई के परिवार की संपत्तियां को भी जब्त कराने के लिए खामेनेई के विरोधी खेमे पर दबाव बना रहे हैं। हालांकि, इस बात की आधिकारिक तौर पर कोई पुष्टि नहीं हो पाई है। आपको बता दें कि खामेनेई की संपत्ति के बारे में आधिकारिक तौर पर सत्यापित नेटवर्थ की डिटेल तो उपलब्ध नहीं है, लेकिन कुछ रिपोट्र्स बताती हैं कि वो 200 बिलियन डॉलर तक की दौलत पर आधिपत्य रखते थे. साल 2013 की त्मनजमते इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्ट ने बताया था कि खामेनेई के कंट्रोल में रहने वाले संगठन के पास कम से कम 95 अरब डॉलर के एसेट यानी संपत्ति थी। बाद में अमेरिकी अधिकारियों और कुछ मीडिया रिपोर्टों ने अनुमान लगाया कि खामनेई जिस वित्तीय साम्राज्य को नियंत्रित करते हैं, उसकी वैल्यू 200 अरब डॉलर तक हो सकती है, हालांकि ये भी प्रत्यक्ष व्यक्तिगत नेटवर्थ नहीं बल्कि उनके नियंत्रण वाले नेटवर्क की अनुमानित वैल्यू है। टाइम्स और कुछ अन्य नेटवर्थ संबंधित वेबसाइट्स उनकी पर्सनल नेटवर्थ को कम, जबकि सेताद (इमाम के ऑर्डर को लागू करने का हेडक्वार्टर) के जरिए उनकी संपत्ति 200 बिलियन डॉलर तक बताते हैं। सेताद जैसे संगठन के जरिये खामेनेई 95 से 200 बिलियन डॉलर के बीच के एक बड़े फाइनेंशियल एम्पायर को मैनेज करते थे। ये जब्त की गई प्रॉपर्टी, इन्वेस्टमेंट और स्टेट से जुड़ी एसेट्स पर निर्धारित है।




# गेमचेंजर होगी नेपाल में आरएसपी की शानदार जीत

नित्य चक्रवर्ती

नेपाल में 5 मार्च को हुए आम चुनावों में जेनजेड समर्थित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) की शानदार जीत न सिर्फ इस छोटे से हिमालयी देश के राजनीतिक इतिहास में बल्कि दक्षिण एशिया की बदलती राजनीति में भी एक गेमचेंजर है। नेपाल अब दक्षिण एशिया का दूसरा देश है जो सितंबर 2025 के दूसरे हफ्ते में बगावत के जरिए एक पारंपरिक राजनीतिक पार्टी की सरकार को हटाने वाले युवा आंदोलन के समर्थन वाली सरकार की स्थापना देख रहा है। सिर्फ दक्षिण एशिया के एक और देश, श्रीलंका में, सितंबर 2024 में कमोबेश ऐसा ही नजारा देखने को मिला था, जब नेशनल पीपल्स पावर (एनपीपी) के नेता ने श्रीलंका की पारंपरिक राजनीतिक पार्टियों को हराकर राष्ट्रपति चुनाव जीता था, जिन्होंने दशकों तक इस द्वीप देश पर राज किया था। 2023 के श्रीलंका चुनाव, महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ 2022 में छात्रों और लोगों के विद्रोह में सत्ताधारी सरकार के हटने के बाद हुए थे। दक्षिण एशिया के एक और देश, बांग्लादेश में, छात्रों के विद्रोह की वजह से अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार चली गई, लेकिन इस साल 12 फरवरी को हुए राष्ट्रीय चुनावों में युवाओं के नेतृत्व वाली कोई सरकार नहीं बनी। इसके विपरीत हसीना सरकार को हटाने के लिए विद्रोह के समर्थकों द्वारा बनाई गई पार्टी को बड़ी हार का सामना करना पड़ा और पारंपरिक पार्टी बीएनपी को दो–तिहाई मतों से जीत मिली। इसलिए बांग्लादेश परिवर्तन के बस से चूक गया जबकि श्रीलंका और नेपाल सफल रहे। नेपाल चुनावों के अंतिम नतीजे अभी नहीं आए हैं, लेकिन रुझानों से पता चलता है कि आरएसपी कुल 165 सीटों में से 100 सीटें पार करने वाली है, जिन पर सीध े चुनाव हुए थे। दूसरी पार्टियां गगन थापा के नेतृत्व वाली नेपाल कांग्रेस, पूर्व प्रधानमंत्री केपीएस ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन(यूएमएल)और प्रचंड के नेतृत्व वाली नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) दो अंकों को छूने के लिए संघर्ष कर रही हैं। संकेत हैं कि आरएसपी, किसी दूसरी पार्टी पर निर्भर हुए बिना, अपने दम पर नई सरकार बना पाएगी। पिछले दो दशकों के संसदीय लोकतंत्र में अब तक नेपाल में किसी भी राजनीतिक पार्टी के पास अकेले बहुमत नहीं रहने का रूझान यह रहा है। सरकार चलाने के लिए चुनाव के बाद गठबंधन बनाया गया था। सहयोगी कई बार बदले, जिससे मंत्रिमंडल गिर गया और फिर सत्ता में बने रहने के लिए एक नया गठबंधन बना। यह रूझान 2026 के चुनाव से बंद हो रहा है। आरएसपी नेपाल की सबसे नई राजनीतिक पार्टियों में से एक है जो 2026 के चुनाव में मैदान में उतरी। आरएसपी की स्थापना 2022 में चुनाव से पहले हुई थी। पार्टी ने 131 चुनाव क्षेत्रों में चुनाव लड़ा और 10.7 प्रतिशत वोट हासिल किए, जिसमें सीधे चुनाव में 7 सीटें और समानुपातिक प्रतिनिधित्व के तहत 13 सीटें जीतीं। पार्टी के प्रमुख बाबा लामचाने हैं, जो एक मीडिया मालिक हैं। काठमांडू के पूर्व मेयर बालेंद्र शाह बाद में आरएसपी में शामिल हुए और 2026 में पूर्व प्रध ाानमंत्री के पीएस ओली को हराकर चुनाव जीते। वह इतने लोकप्रिय हैं कि उन्हें आरएसपी सरकार का अगला प्रधानमंत्री बनने के लिए चुना जा रहा है। वह नेपाल सरकार की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की, शाह और जेनजेड आन्दोलन के वरीय नेताओं के करीबी हैं। बालेंद्र शाह ने जेनजेड के संरक्षक के तौर पर काम किया। असल में, एक समय पर जेनजेड के अपनी पार्टी बनाने पर भी कुछ चर्चा हुई थी, लेकिन आखिर में, वे शाह और आरएसपी के साथ आ गए। नेपाल में, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगाने के सरकारी आदेश के विरोध में जेनजेड ने स्कूली छात्रों के साथ मिलकर आंदोलन शुरू किया था। फिर यह आंदोलन सत्ताधारी केपीएस ओली सरकार और सभी स्थापित राजनीतिक पार्टियों के पूरे विरोध में बदल गया। सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं लेकिन नेपाली सेना ने सावधानी बरती। स्थिति काबू से बाहर होने के बाद, नेपाली सेना प्रमुख ने प्रध ाानमंत्री ओली को पद छोड़ने के लिए कहा। उन्होंने और उनकी सरकार ने इस्तीफा दे दिया। सेना प्रमुख ने जेनजेड नेताओं और सिविल सोसाइटी नेताओं से सलाह करके पूर्व मुख्य न्यायाध ीश सुशीला कार्की के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनाने में मदद की। नेपाल की संसद के निचले सदन में 275 सीटें हैं। इसमें से 165 सीटें सीधे चुनाव के लिए हैं और बाकी 110 सीटें समानुपातिक प्रतिनिधित्व से भरी जाएंगी। नेपाल में सभी बड़ी पार्टियां सभी सीटों पर चुनाव लड़ती हैं और चुनाव के बाद जब उनकी ताकत का पता चलता है, तो पार्टियां गठबंध ान करती हैं। इसी तरह, हटाए गए प्रधानमंत्री 73 साल के केपीएस ओली कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूनिफाइडमार्कि्सस्टलेनिनिस्ट) सीपीआईएन (यूएमएल) का नेतृत्व कर रहे हैं। सितंबर में हटाए जाने से पहले वह नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन में थे। एक और पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल, जिन्हें प्रचंड के नाम से जाना जाता है, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख हैं। वह दूसरे कम्युनिस्ट गुटों को अपने साथ लाने में कामयाब रहे हैं। वह ओली के लिए मुख्य चुनौती देने वाले बनकर उभरे हैं।जहां दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों ने अपने पुराने नेताओं को बनाए रखा है, वहीं देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी नेपाली कांग्रेस ने जनुआ में एक युवा गगन थापा को अपना नया नेता चुना है। इस साल 49 साल के लोकप्रिय नेता ने 79 साल के पुराने शेर बहादुर देउबा की जगह ली है, जो 2006 के बाद लोकतंत्र शुरू होने के समय से पिछले दो दशकों में अलग–अलग गठबंधनों में पांच बार प्रधानमंत्री रहे। 35 साल के बालेंद्र शाह एक इंजीनियर और रैपर हैं। काठमांडू के मेयर के तौर पर अपने समय में उन्होंने बहुत अच्छी छवि बनाई। उन्हें भ्रष्टाचार की प्रथा के खिलाफ लड़ने वाले के तौर पर जाना जाता है।

# पलिया में नशे के सौदागर पर पुलिस का शिकंजा

### – 21.8 ग्राम स्मैक के साथ विक्की नेपाली गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो




पलिया कलां, खीरी। जनपद में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पलिया पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशानुसार और क्षेत्राधिकारी पलिया के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई में एक शातिर मादक पदार्थ तस्कर को गिरतार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्त के पास से करीब 60 हजार रुपये मूल्य की 21.8 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर (स्मैक) बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी की मोटरसाइकिल को सीज करते हुए उसे जेल भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार को थानाध्यक्ष पलिया के नेतृत्व में उप–निरीक्षक प्रेमनारायण सरोज और उनकी टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस ने सूचना के आधार पर विक्की गुप्ता उर्फ विक्की नेपाली को धर दबोचा। मूल रूप से सुल्तानपुर जिले के ग्राम ज्ञानीपुर का निवासी विक्की वर्तमान में पलिया के मोहल्ला थारूपुरवा में रह रहा था। तलाशी के दौरान उसके पास से स्मैक के अलावा मादक पदार्थों की बिक्री से मिले 4850 रुपये नकद और एक वीवो कंपनी का एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद हुआ। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को एमवी एक्ट की धारा 207 के तहत सीज कर दिया गया है। गिरतार किए गए अभियुक्त का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, विक्की नेपाली पर पहले से ही चोरी, एनडीपीएस एक्ट और उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम (गैंगस्टर एक्ट) के तहत चार गंभीर मामले दर्ज हैं। वर्ष 2021 से लेकर अब तक वह लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। ताजा मामले में थाना पलिया पर मु0अ0सं0 61/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला पंजी.त किया गया है। अभियुक्त को गिरतार करने वाली टीम में मुख्य रूप से हे0कां0 घनश्याम शर्मा, कां0 अमन राय, .ष्ण मुरारी, अनुज गोलियान और अतुल त्रिपाठी शामिल रहे।

# बुंदेलखण्ड पृथक राज्य हेतु गांव-गांव पांव-पांव यात्रा का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। बुंदेलखंड पृथक राज्य आंदोलन का जनक माना जाता है। उन्होंने अपना पूरा जीवन बुंदेलखंड को एक अलग राज्य बनाने की मांग और क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित कर दिया था। सोमवार को उनकी जन्म जयंती के अवसर पर यह यात्रा उनकी स्मृति में समर्पित रही। बुन्देलखण्ड पृथक राज्य की मांग को जन–जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित गांव–गांव पांव–पांव यात्रा का भव्य स्वागत के कमासिन के गांव परसौली, जामू, सांडा सानी व कमसिन के ब्लाक सभागार में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और युवाओं ने भाग लेकर बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण की आवाज को मजबूत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजा बुंदेला उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बुन्देलखण्ड वर्षों से उपेक्षा, जल संकट, बेरोजगारी और पलायन जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। इन समस्याओं का स्थायी समाधान तभी संभव है जब बुन्देलखण्ड को पृथक राज्य का दर्जा मिले। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल एक आंदोलन नहीं बल्कि बुन्देलखण्ड के स्वाभिमान और विकास की लड़ाई है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। यात्रा के सह–नेतृत्वकर्ता जयराम सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि



बुन्देलखण्ड की जनता अब जाग चुकी है और अपने अधिकारों के लिए संगठित हो रही है। उन्होंने कहा कि गांव–गांव जाकर लोगों को इस आंदोलन से जोड़ने का उद्देश्य यही है कि बुन्देलखण्ड की आवाज मजबूत होकर शासन तक पहुंचे। कमासिन ब्लाक के ब्लाक प्रमुख रावेंद्र गर्ग ने कहा बुन्देलखण्ड पृथक राज्य से ही बुन्देलखण्ड के किसानों में समृद्धि आएगी। बुन्देलखण्ड के विकास हेतु बुन्देलखण्ड पृथक राज्य अति आवश्यक है। इस अवसर पर निवर्तमान मंडल अध्यक्ष भाजपा भी उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि बुन्देलखण्ड के विकास के लिए अलग राज्य एक व्यवहारिक और आवश्यक कदम है। उन्होंने कहा कि जब तक क्षेत्र को प्रशासनिक और आर्थिक रूप से स्वतंत्र पहचान नहीं मिलेगी, तब तक यहां की मूल समस्याओं का समाधान संभव नहीं है। बांदा जनपद के पूरे यात्रा व्यवस्था संभाल रहे सह नेतृत्वकर्ताध्यात्रा प्रबंधक नीरज निगम ने कहा कि बुंदेलखंड की अस्मिता और अधिकार की लड़ाई अब गाँव–गाँव, पाँव–पाँव पहुँच चुकी है। जनजागरूकता ही परिवर्तन की पहली सीढ़ी है। आइए, अपनी आवाज बुलंद करें और बुंदेलखंड पृथक राज्य निर्माण की इस ऐतिहासिक यात्रा में सहभागी बनें।आपकी भागीदारी ही हमारी ताकत है। कार्यक्रम में जल प्रहरी रामबाबू तिवारी ने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र सूखा और अकाल मुक्त तभी बनेगा जब बुन्देलखण्ड पृथक राज्य होगा। दुर्गेश सिंह गौतम कमासिन ब्लाक के यात्रा का सह संयोजक किया। बुन्देलखण्ड राष्ट्र समिति के प्रवीण पांडे ने कहा इस यात्रा में सभी की सहभागिता आवश्यक है। किसी भी आंदोलन में सबकी भागीदारी आवश्यक होती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ आश्रय सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने बुन्देलखण्ड राज्य बनाओ और बुन्देलखण्ड का हक दिलाओ जैसे नारों के साथ आंदोलन के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। अंत में सभी ने बुंदेलखंड पृथक राज्य हेतु संकल्प भी लिया कि बुन्देलखण्ड की अस्मिता और विकास के लिए यह जनजागरण यात्रा लगातार आगे बढ़ती रहेगी और गांव–गांव में लोगों को इस अभियान से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उमानंद सिंह, विजय दादा, राममिलन सिंह गौर, शिव प्रकाश, रमाशंकर आदि लोग रहे। यह पद यात्रा जनपद के आठों ब्लॉकों से विभिन्न गांवों से गुजरते हुए 15 मार्च को रामलीला मैदान में एक विशाल जनसभा के रूप में परिवर्तित होगी। जनपदवासियों से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या पहुंचे।

# आयोग की सदस्य ने जनसुनवाई में पीड़ितों की सुनीं समस्याएं

### – संवेदनशीलता बरतने व एफआईआर दर्ज करने में न बरती जाए कोताही

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। राज्य महिला आयोग की सदस्या गीता बिन्द की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में महिलाओं की समस्याओं के समाधान हेतु एक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य पीड़ित महिलाओं की शिकायतों को सीधे सुनना और उन्हें त्वरित न्याय दिलाना रहा।




जनसुनवाई में कुल 11 मामले सामने आए, जिनमें मुख्य रूप से घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, संपत्ति विवाद, कार्यस्थल पर उत्पीड़न और पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। राज्य महिला आयोग द्वारा गंभीर मामलों में संबंधित थाना प्रभारियों और अधिकारियों को जल्द से जल्द विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के कड़े निर्देश दिए गए। राज्य महिला आयोग ने पुलिस विभाग के उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता बरतें और एफ आई आर दर्ज करने में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। जनसुनवाई के दौरान उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए राज्य महिला आयोग ने कहा कि राज्य महिला आयोग महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी भी महिला को अन्याय सहने की आवश्यकता नहीं है। सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबरों और आयोग की ऑनलाइन सुविधाओं का लाभ उठाएं। जनसुनवाई के दौरान जिला प्रोवेशन अधिकारी डॉक्टर श्वेता त्रिपाठी, बाल विकास परियोजना अधिकारी राधेश्याम पाल, महिला थाना प्रभारी एवं विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# प्रधानी चुनाव की रंजिश में युवक पर फायरिंग, बाल-बाल बचा

### - पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा

न्यूज वाणी ब्यूरो

नजीबाबाद, बिजनौर। आगामी ग्राम प्रधान चुनाव को लेकर चल रही रंजिश के चलते गांव किशनपुर बराल में एक युवक पर फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है। गोली चलने की घटना से गांव में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरतार कर लिया है, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है। पीड़ित पक्ष की ओर से गांव किशनपुर बराल निवासी रीता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका परिवार आने वाले ग्राम प्रधान चुनाव की तैयारी कर रहा है। इसी बात को लेकर गांव के वर्तमान प्रधान पक्ष के लोग उनसे रंजिश रखने लगे हैं। बताया गया कि शनिवार रात रीता का बेटा वरुण उर्फ गोलू अपने दोस्त आदित्य के साथ बराल बस स्टैंड से घर का सामान खरीदकर वापस लौट रहा था। जब दोनों गांव के मुख्य चौराहे के पास पहुंचे, तभी वहां बाइक पर सवार होकर आए प्रधान का बेटा रितिक और उसका साथी विजिल निवासी एलम ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि इसी दौरान रितिक ने तमंचे से वरुण पर फायर कर दिया। हालांकि गोली वरुण को नहीं लगी और वह बाल–बाल बच गया। अचानक हुई फायरिंग से आसपास अफरा–तफरी मच गई। घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच अधिकारी सूर्यदीप सिंह ने बताया कि कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी विजिल निवासी एलम को बराल बस स्टैंड के पास से गिरतार कर लिया है। वहीं मुख्य आरोपी रितिक की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मदीना मस्जिद में हुआ इतार, रोजेदारों ने खोला रोजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर, नजीबाबाद। रमजान के पाक महीने में आपसी भाईचारे और सौहार्द की मिसाल पेश करते हुए नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम



राहुखेड़ी कोरा राजारामपुर स्थित आजाद चौक के पास मदीना मस्जिद में सामूहिक इतार पार्टी का आयोजन किया गया। हर वर्ष की तरह इस बार भी मोहल्ला आजाद नगर के लोगों ने मिलकर इस कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों ने शिरकत की। इतार के इस आयोजन में गांव और आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों रोजेदार शामिल हुए। मगरिब की अजान होते ही सभी रोजेदारों ने एक साथ रोजा खोला। कार्यक्रम में सड़क से गुजर रहे ऐसे राहगीरों को भी इतार कराया गया, जो समय पर अपने घर नहीं पहुंच पाए थे। मोहल्ला आजाद नगर के लोगों ने इतार में आए सभी रोजेदारों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके लिए इतार की विशेष व्यवस्था की। इस मौके पर क्षेत्र में आपसी भाईचारे और सौहार्द का सुंदर माहौल देखने को मिला। इतार पार्टी के आयोजन में मोहल्ला आजाद नगर के कई लोगों ने मिलकर सहयोग किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाहिद मुल्तानी, वसीम अहमद, आकिफ हुसैन अक्की, मकबूल रिजवी, आदिल राजपूत, इरशाद, तलमीश अहमद, फुरकान खान, समीर, सलमान, कारी सनव्वर सहित अन्य कई लोगों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर लोगों ने कहा कि रमजान का महीना आपसी प्रेम, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देता है, और इसी भावना के साथ हर साल इस तरह के आयोजन किए जाते हैं।

# कस्बा खीरी में थोक विक्रेताओं की दबंगई

### - पान मसाला व सिगरेट पर एमआरपी फेल, ओवररेटिंग का खेल
### - प्रशासन की चुप्पी से कालाबाजारी करने वालों के हौसले बुलंद

न्यूज वाणी ब्यूरो

कस्बा खीरी। कस्बे में इन दिनों नियम–कानूनों को ताक पर रखकर आम जनता और छोटे दुकानदारों की जेब पर दिनदहाड़े डाका डाला जा रहा है। पान मसाला और सिगरेट के थोक व बड़े विक्रेताओं ने अपनी मनमानी की सारी हदें पार कर दी हैं।



आलम यह है कि खुलेआम एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) से कई गुना ज्यादा कीमत वसूली जा रही है, लेकिन स्थानीय प्रशासन कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। मजबूरी का फायदा उठा रहे सिंडिकेट सूत्रों की मानें तो कस्बे के बड़े दुकानदारों ने एक अघोषित सिंडिकेट बना लिया है। छोटे दुकानदार, जो रोज कमाते और रोज खाते हैं, इन थोक विक्रेताओं की ओवररेटिंग से सबसे ज्यादा त्रस्त हैं। उन्हें सामान ही बढ़ी हुई कीमतों पर मिल रहा है, जिसके कारण वे ग्राहकों से भी ज्यादा दाम वसूलने को मजबूर हैं। वहीं, नशे के आदि उपभोक्ता मजबूरी में अपनी जेब ढीली कर रहे हैं। प्रशासन की श्मौनश सहमति पर सवाल? हैरानी की बात यह है कि कस्बे के मुख्य बाजारों में सरेआम हो रही इस लूट की जानकारी होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंद कर बैठे हैं। जनता अब यह सवाल पूछ रही है कि आखिर किसके संरक्षण में यह अवैध वसूली का धंधा फल–फूल रहा है? क्या विभाग किसी बड़े हादसे या जन–आक्रोश का इंतजार कर रहा है? छोटे दुकानदारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कस्बा खीरी में थोक दुकानदारों ने खुली लूट मचा रखी है मनमाने तरीके से एमआरपी रेट से ज्यादा पैसा वसूल रहे हैं इस बाबत जब छोटे दुकानदार उनसे बात करते हैं तो उनका साफ कहना है लेना हो तो लो वरना दूसरी दुकान देख लो इस तरह से इन बड़े और थोक के दुकानदारों ने खुली लूट मचा रखी है अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब कुंभकरनी नींद से जागेगा और इन ओवररेटिंग करने वाले दुकानदारों पर लगाम कसेगा यह समय के गर्भ में है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा वाद कराएं निस्तारित

### – जनपद न्यायालय सभागार में बैंक, बीमा व इंश्योरेंस के साथ हुई बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो /गाजीपुर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 14 मार्च को जनपद न्यायालय, वाह्य न्यायालय सैदपुर एवं मुहम्मदाबाद तथा ग्राम न्यायालय जखनियां व जमानियां के साथ–साथ अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों में किया जाएगा। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष सं0–01/नोडल अधिकारी शक्ति सिंह, लोक अदालत की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय के दसकक्षीय सभागार में समस्त बैंक, बीमा व इंश्योरेंस के साथ बैठक आहूत की गयी। जिसमें अर्चना–।।, सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व बैंक, बीमा व इंश्योरेंस के अधिकारीगण व पदाधिकारीगण उपस्थित हुये। अर्चना–।। द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व की भांति राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्देशित प्रकरण यथा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र संबंधी, छोटे व लघु दाण्डिक वाद, पारिवारिक वाद, धारा–138 एन.आई.एक्ट, स्टाम्प वादध्पंजीयन वाद, मोटर अधिनियम वाद, चकबंदी वाद, श्रम वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, वाट–माप प्रचलन अधिनियम वाद, कराधान प्रकरण, बिजली चोरी के वाद, सुलह समझौता एवं मध्यस्थता के माध्यम से वैवाहिक विवाद को परिपक्व कराकर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पूर्व की तुलना में ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण कर, आमजन को लाभान्वित करते हुए, राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उक्त के अनुपालन में आज एक आवश्यक बैठक जनपद न्यायालय के दसकक्षीय सभागार में आयोजित की गयी। जिसमें मीडियाकर्मी, बैंक के अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित हुए तथा सचिव द्वारा बताया गया कि निःशुल्क विधिक सहायता हेतु नालसा हेल्प लाईन नम्बर 15100 पर विधिक सहायता प्रकरण का आवेदन कर सकते है।

# आयोग की सदस्य 11 मार्च को करेंगी महिला जनसुनवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो



लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी 11 मार्च को कलेक्ट्रेट सभागार में पूर्वान्ह 11 बजे से करेंगी। महिला जनसुनवाई जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश कुमार भार्गव ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी द्वारा जनपद में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने जाने एवं आवेदक, आवेदिकाओं की सुगमता की .ष्टि से वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष की उपस्थिति में महिला जनसुनवाई कलेक्ट्रेट सभागार में की जाएगी तत्पश्चात महिला उत्पीडन के मामलों की समीक्षा करेंगी।

# सुदिति ग्लोबल एकेडमी के पूर्व छात्र ने यूपीएससी में पाई सफलता

### – सम्मान समारोह आयोजित कर आदित्य कुमार सिंह का किया अभिनंदन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सुदिति ग्लोबल एकेडमी के पूर्व छात्र आदित्य कुमार सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त कर विद्यालय परिवार तथा पूरे जनपद को गौरवान्वित किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित कर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सतीश कुमार, प्रबंध निदेशक मयंक कुमार, प्रधानाचार्य कमल कुमार ने आदित्य कुमार सिंह को पटका पहनाकर एवं प्रतीक–चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने छात्र जीवन को याद करते हुए आदित्य कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय में मिले अनुशासन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और सकारात्मक शैक्षिक वातावरण ने उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने विशेष रूप से अपने कक्षा अध्यापक प्रवीन अग्रवाल के निर्देशन और प्रधानाचार्य के अनुशासन व कुशल मार्गदर्शन को याद करते हुए कहा कि विद्यालय में उन्हें जनपद, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के भरपूर अवसर मिले, जो उनके व्यक्तित्व को निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने में मील का पत्थर साबित हुए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कमल कुमार ने कहा कि आदित्य अपने अध्ययन काल में एक परिश्रमी, लगनशील




और जिज्ञासु छात्र रहे हैं। विज्ञान के क्षेत्र में उनकी विशेष रुचि हमेशा देखने को मिलती थी और आज उनकी यह सफलता उसी परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने आदित्य को बधाई देते हुए अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। विद्यालय के प्रबंधक सतीश कुमार ने कहा कि सुदिति ग्लोबल एकेडमी सदैव उत्.ष्ट शैक्षिक वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है और भविष्य में भी उच्च स्तरीय एवं तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। प्रबंध निदेशक मयंक कुमार ने भी आदित्य कुमार सिंह को उनकी सफलता पर बधाई दी। छात्र की इस उपलब्धि पर पूरा सुदिति परिवार गौरवान्वित है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहा।


## होली विशेष रेलगाड़ियों के संचालन अवधि में विस्तार

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेलयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित होली विशेष रेलगाड़ियों के संचालन अवधि में विस्तार किये जाने का निर्णय लिया गया है, यह गाड़ी अपने पूर्व निर्धारित मार्ग, संरचना, दिन, ठहराव एवं समय पर निम्न विवरण के अनुसार चलेगी:-

| गाड़ी सं. | कहाँ से | कहाँ तक | संचालन का दिन | विस्तारित तिथि | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | से | तक |
| 03257 | दानापुर | आनन्द विहार (ट.) | रवि. | 15.03.26 | 29.03.26 |
| 03258 | आनन्द विहार (ट.) | दानापुर | सोम. | 16.03.26 | 30.03.26 |
| 05219 | मुजफ्फरपुर | आनन्द विहार (ट.) | शुक्र. | 13.03.26 | 27.03.26 |
| 05220 | आनन्द विहार (ट.) | मुजफ्फरपुर | शनि. | 14.03.26 | 28.03.26 |
| 03293 | पटना जं. | नई दिल्ली | प्रतिदिन | 16.03.26 | 30.03.26 |
| 03294 | नई दिल्ली | पटना जं. | प्रतिदिन | 17.03.26 | 31.03.26 |
| 03639 | धनबाद जं. | शकूर बस्ती | सोम., शुक्र. | 13.03.26 | 30.03.26 |
| 03640 | शकूर बस्ती | धनबाद जं. | मंगल., शनि. | 14.03.26 | 31.03.26 |
| 03697 | शेखपुरा जं. | आनन्द विहार (ट.) | सोम., मंगल., शुक्र., शनि. | 16.03.26 | 30.03.26 |
| 03698 | आनन्द विहार (ट.) | शेखपुरा जं. | मंगल., बुध., शनि., रवि. | 17.03.26 | 31.03.26 |
| 02397 | शेखपुरा जं. | आनन्द विहार (ट.) | रवि. | 22.03.26 | 29.03.26 |
| 02398 | आनन्द विहार (ट.) | शेखपुरा जं. | सोम. | 23.03.26 | 30.03.26 |
| 03309 | धनबाद जं. | दिल्ली जं. | मंगल., शनि. | 14.03.26 | 28.03.26 |
| 03310 | दिल्ली जं. | धनबाद जं. | बुध., रवि. | 15.03.26 | 29.03.26 |

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 522/26 (ADM)



फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान

## फैसल चश्में वाले

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है। नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।

नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

फैसल चश्में वाले

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P | हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213 | एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# वैश्य एकता परिषद ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद का होली मिलन समारोह अशोक नगर स्थित कुमार वाटिका पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुमन गुप्ता एवं राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामशरण गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित करके शुभारंभ किया। इस अवसर पर वैश्य बंधुओ ने



धूमधाम से एक दूसरे पर फूलों की होली खेली और गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुमन गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में वैश्य समाज एक बड़ी भूमिका निभाएगा  कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पंकज गुप्ता लालजी जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन विवेक रंजन गुप्ता मनोज पोरवाल गणेश पोरवाल अमरनाथ गुप्ता मनोज गुप्ता राजेश गुप्ता अजय गुप्ता आलोक गुप्ता कल्लू आनंद मित्तल अनन्त  अग्रवाल शिवशरण गुप्ता सर्वेश पोरवाल मुकेश कुमार गुप्ता जय कुमार गुप्ता गौरव पोरवाल संतोष कौशल अखिलेश गुप्ता मुकेश गुप्ता विनोद सिवहरे इंद्र नारायण गुप्ता सहित सैकड़ो की संख्या में महिलाएं पुरुष बच्चे शामिल हुए।

# अतिक्रमण करने से मना करना युवक को पड़ा भारी, दबंगों ने पीटा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। गिरवां थाना क्षेत्र के छनिहा पुरवा जरर गांव में सीसी रोड में अतिक्रमण करने से मना करना युवक को भारी पड गया। पड़ोसी दबंगों ने मिलकर एक युवक को बेरहमी से पीटा। उनकी पिटाई से युवक का पैर फैक्चर होने की बात सामने आई है।



इतना ही नहीं घटना के बाद पीड़ित लोगों ने गिरवा थाना पहुंचकर शिकायत भी की लेकिन कार्वाई नहीं हुई। कार्वाई न होने के कारण पीड़ित युवक अपने परिवार के साथ ट्राई साइकिल में पहुंचकर एसपी कार्यालय में घटना की जानकारी दी है। मीडिया से जानकारी देते हुए पीड़ित ने बताया कि पड़ोसी लोगों ने सीसी रोड पर अतिक्रमण बालू, ईटा, रखना तथा रास्ते के सामने चबूतरे का निर्माण करना, इन सभी बातों पर उसने रोक लगाया था जिसके वजह से तीन लोगों ने मिलकर लाठी डंडों से उसकी पिटाई कर दी जिसके वजह से उसका पैर फैक्चर हो गया है।

# गैंगस्टर का वांछित अभियुक्त तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार

## – गैंग लीडर को पहले ही भेजा जा चुका जेल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना



मटौध पुलिस द्वारा गिरोह बनाकर लूटपाट, चोरी तथा नकबजनी आदि की घटनाओं को अंजाम देने वाले गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त (गैंग सदस्य) को अवैध तंमचा व कारतूस के साथ गिरतार कर लिया गया है। गिरतार अभियुक्त एक संगठित गिरोह का सक्रिय सदस्य है जो गैंग बनाकर अपने अन्य साथियों के साथ लूटपाट, चोरी नकबजनी आदि की घटनाओं को अंजाम देता था जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात में गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजी.त किया गया था और वांछित चल रहा था। थाना मटौंध पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान अभियुक्त को खड्डी तिराहा थाना मटौंध से गिरतार किया गया। गिरतार अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। बता दें कि गैंग के लीडर अखिलेश पुत्र संतोष निवासी मवई बुजुर्ग थाना कोतवाली नगर को पूर्व में 10 जनवरी को गिरतार कर जेल भेजा जा चुका है। पकड़े गए अभियुक्त–पवन कुमार पुत्र राजू निवासी ग्राम मवई थाना कोतवाली नगर के विरुद्ध मु0अ0सं0 45/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मटौंध में अभियोग दर्ज किया गया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में दीपेन्द्र सिंह प्र0नि0 थाना मटौंध नि0 इन्दल यादव कां0 पुष्पेन्द्र कुमार कां0 शिवम शामिल रहे।

# जिला स्तरीय चयन व ट्रायल्स आज

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जिला खेल कार्यालय के तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय समन्वय सबजूनियर बालको की हॉकी खेल का जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स कल (आज) प्रातः 10.00 बजे से नेहरु स्टेडियम गोराबाजार के प्रांगण में किया जाना सुनिश्चित हुआ है। इच्छुक बालक अपनी प्रविष्टि प्रातः 9.30 बजे तक दे सकते हैं। साथ ही पात्रता प्रमाण पत्र फोटोयुक्त व प्रधानाचार्य से प्रमाणित आयु प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड साथ में लाना अनिवार्य होगा, प्रवेश निःशुल्क होगा। प्रतियोगिता में प्रदेश स्तरीय समन्वय सबजूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स की तिथि 10 मार्च, मण्डल स्तरीय चयन प्रातः 10.00 बजे 11 मार्च, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की तिथि 13 से 18 मार्च लखनऊ में आयोजित किया जायेगा। जूनियर बालिकाओ की जन्मतिथि 01 जनवरी 2010 के बाद की होगी।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर होली मिलन समारोह आयोजित

## - सतयुगी मूल्यों से राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर हुआ विचार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सिविल लाइंस शाखा पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सतयुगी मूल्यों से राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका विषय पर विचार व्यक्त किए गए। केंद्र प्रभारी बीके नीलम बहन ने कहा कि हमें गर्व होना चाहिए कि हमने उस भारत देश में जन्म लिया है जहां प्राचीन काल से ही यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता का सिद्धांत रहा है। उन्होंने कहा कि हर नारी को मर्यादित जीवन जीते हुए अपने कार्य–व्यवहार में आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए और यह स्मरण रखना चाहिए कि हम सभी शिव शक्ति हैं। मुख्य अतिथि सभासद पूनम पांडे ने कहा कि नारियों को परिवारों में आपसी स्नेह और प्रेम के साथ रहना चाहिए। यदि हम वंदनीय हैं तो हमें वंदना के योग्य कार्य भी करने चाहिए। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य स्वदेश भसीन ने कहा कि महिलाएं कभी न सेवानिवृत्त होने वाली कर्मचारी हैं, जो अपने सभी रिश्ते निस्वार्थ भाव से निभाती हैं। रति अग्रवाल ने कहा कि महिला दिवस की शुरुआत महिलाओं को समाज में प्रतिष्ठित करने के उद्देश्य से की गई थी। आज के समय में महिलाओं को बराबरी तो मिली है, लेकिन अपनी प्रतिष्ठा और सम्मान को बनाए रखना भी नारियों के ही हाथ में है। कार्यक्रम में जायंट्स दतावली ग्रुप की अध्यक्ष स्नेह अग्रवाल, गीतांजलि वर्मा, अंजु भसीन, प्रियंका सक्सेना, सीमा मेहरोत्रा, मुक्ता अग्रवाल और प्रीति सक्सेना सहित अन्य महिलाओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रीति बहन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए गीत के माध्यम से संदेश दिया कि बहनें सद्गुणों का श्रृंगार करें और परमात्मा के प्यार के रंग में सराबोर



रहें। इसके बाद सभी ने फूलों की होली खेलकर एक–दूसरे को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर यशी सक्सेना, श्रीजा अग्रवाल, शिवि दुबे, एकता और सुप्रभा सहित बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में अलका वर्मा, शोभा वर्मा, दीपाली, गुड्डी, निशा, शिवधारा, स्नेह लता, सरजू, यशोदा, प्रदीप, लखन सिंह, वीरेंद्र, रतन कुलश्रेष्ठ, राजाराम, राजीव, अरुण दुबे, उमाशंकर, मुकेश पाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# अपराधियों पर खीरी पुलिस का कड़ा प्रहार

## - अभियान चलाकर तीन वांछित वारंटी किए गए गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। जनपद में अपराध पर रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना खीरी पुलिस को अहम सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक खीरी और अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सदर के निकट




पर्यवेक्षण में, थाना खीरी पुलिस ने अलग–अलग मामलों में फरार चल रहे तीन वांछित वारंटी अभियुक्तों को गिरतार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। थानाध्यक्ष खीरी, निराला तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम इलाके में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना और वारंटियों की गिरतारी अभियान के तहत सोमवार, 9 मार्च को इन तीनों अभियुक्तों को दबोचा गया। बिजली चोरी और मारपीट के मामलों में थे फरार गिरतार किए गए अभियुक्तों पर न्यायालय द्वारा वारंट जारी किए गए थे। पुलिस के अनुसार, गिरतार अभियुक्तों का विवरण इस प्रकार है विद्युत अधिनियम का आरोपीरू पुलिस ने ग्राम बनिका निवासी बलभद्र (48 वर्ष) पुत्र संतराम को गिरतार किया है। इसके खिलाफ थाना खीरी में मु.अ.सं. 436/20 (धारा 138 बी विद्युत अधिनियम) के तहत मामला दर्ज था। इसे गिरतार कर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (ई.सी. एक्ट) लखीमपुर खीरी के न्यायालय में भेजा गया है, जहाँ इसकी पेशी 2 अप्रैल 2026 को निर्धारित है। मारपीट के आरोपी पिता–पुत्र गिरताररू एक अन्य मामले में पुलिस ने ग्राम कटकुसमा निवासी मिलन उर्फ राममिलन (23 वर्ष) पुत्र अच्छेलाल और उसके पिता अच्छेलाल (48 वर्ष) पुत्र उमराव को गिरतार किया है। इन दोनों पर थाना महिला खीरी में मारपीट (मु.अ.सं. 158/25, धारा 323 भादवि) का मुकदमा दर्ज था। इन दोनों को न्यायालय सीजेएम (जेडी) एफटीसी (सीएडब्ल्यू) लखीमपुर खीरी के समक्ष पेश किया गया है, जहाँ इनकी अगली सुनवाई 12 मार्च को होनी है। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम इस गिरतारी अभियान को सफल बनाने में थाना खीरी की पुलिस टीम की सक्रिय भूमिका रही। थानाध्यक्ष निराला तिवारी की अगुवाई वाली टीम में उपनिरीक्षक शुभम कुमार, उपनिरीक्षक राहुल कुमार, हेड कांस्टेबल उमेश कुमार, कांस्टेबल रजनीश कुमार, कांस्टेबल मंदीप और कांस्टेबल अंगद यादव शामिल रहे। थाना प्रभारी खीरी निराला तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने और फरार अपराधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वच्छता कर्मियों का सम्मान

## - उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को अंग वस्त्र व प्रशस्ति पत्र दिए

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद में स्वच्छता के क्षेत्र में उत.ष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम नगर पालिका परिषद के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं को अंग वस्त्र व सम्मान पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ज्योति संटू गुप्ता एवं अधिशाषी अधिकारी संतोष मिश्रा के निर्देशन में हुआ। इसमें खाद्य एवं सफाई इंस्पेक्टर नथ्थीलाल कुशवाहा, सुजीत कुमार (आईटी मिशन) के सहयोग से तथा स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के डीपीएम सुनील कुमार और ब्रांड एम्बेसडर डॉ. हरीशंकर पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्वच्छ भारत मिशन के डीपीएम सुनील कुमार और ब्रांड एम्बेसडर डॉ. हरीशंकर पटेल ने बताया कि निकायों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इनमें स्वच्छ रील्स, सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर, सम्मान समारोह और महिलाओं को सम्मानित करने जैसे



कार्यक्रम शामिल हैं। साथ ही महिलाओं की 45 सेकंड की स्वच्छता संबंधी बाइट्स लेकर उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी साझा किया जाएगा। सभी कार्यक्रमों को वेस्ट वंडर पार्क में जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में आयोजित करने की योजना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर पालिका परिषद इटावा के समस्त सफाई नायकों के साथ अंशुल, आसिफ सहित अन्य कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# फाइलेरिया ग्रसित मरीजों को दी स्वास्थ्य विभाग की ओर से किट

## - फाइलेरिया से बचाव के दिए गए टिप्स बीस मरीज रहे मौजूद



न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। बाबागंज सीमावर्ती क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चर्दा में सोमवार को एक दिवसीय फाइलेरिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आए हुए 20 मरीजों को फाइलेरिया से बचाव हेतु टिप्स दिए गए साथ ही साथ–साथ विभाग द्वारा उन्हें किट भी उपलब्ध कराया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर महेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार स्वास्थ्य विभाग लगातार फाइलेरिया से ग्रसित मरीजों के लिएअभियान चलाकर उन्हें दवाई उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके चलते समय–समय पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कैंप आयोजित कर उनकी जांच कर उन्हें दवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं साथ ही साथ उन्हें स्वास्थ्य किट भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे 20 मरीजों को उनकी जांच कर दवाई देने के साथ–साथ उन्हें किट भी उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ महेश कुमार विश्वकर्मा, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक हरिराम आर्य, मोहम्मद महफूज खान स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, दीपक कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य स्टाफ कर्मचारी मौजूद रहे।

# निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए पात्र अभ्यर्थी करें आवेदन

न्यूज वाणी ब्यूरो /मऊ। जिला सेवायोजन अधिकारी अरविंद पाण्डेय ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित अनु० जाति/अनु०जन जाति एवं पिछड़े वर्ग के लाभार्थ शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय से सम्बद्ध शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र में कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण के अन्तर्गत हिन्दी टंकण हिन्दी आशुलिपि, कम्प्यूटर प्रशिक्षण के साथ–साथ सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी सामान्य हिन्दी, सचिवीय पद्धति, बुक कीपिंग एवं एकाउण्टेन्सी, सामान्य गणित तथा साक्षात्कार तकनीक आदि विषयों का एक वर्षीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। इसका आगामी सत्र 01 अप्रैल 2026 से प्रारम्भ होकर 31 मार्च 2027 को समाप्त होगा प्रवेश हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट है परन्तु हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी की आयु सीमा 1 अप्रैल 2026 को न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी अभ्यर्थिनी अपना आवेदन–पत्र निर्धारित प्रारूप कार्यालय से प्राप्त करके 26 मार्च तक जिला सेवायोजन कार्यालय में जमा करें। चयन हेतु साक्षात्कार 27 मार्च को अनु०जाति/अनु०जनजाति तथा 28 मार्च को पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों का निर्धारित है। साक्षात्कार के समय उक्त तिथियों को अपने शैक्षिक योग्यता तथा जाति से सम्बन्धित प्रमाण–पत्र मूल रूप से लेकर प्रातः 10 बजे जिला सेवायोजन कार्यालय में उपस्थित हों।

# एसआईआर सुनवाई का कार्य तीन दिवस में करें पूर्ण : एडीएम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 के अन्तर्गत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नो मैपिंग एवं तार्किक विसंगतियों की श्रेणी के मतदाताओं को जारी की जा रही नोटिसों, मतदाताओं की सुनवाई एवं आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन कार्य को गति प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिया कि तीन दिवस में सुनवाई का कार्य पूर्ण कराया जाये।

उल्लेखनीय है कि 80 प्रतिशत से कम सुनवाई वाले 24 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में एडीएम श्री कुमार ने निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में नियुक्त किये गये 74 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से सहयोग प्राप्त कर नो मैपिंग एवं तार्किक विसंगतियों की श्रेणी के मतदाताओं की सुनाई का कार्य 03 दिवस में पूरा कर लिया जाय। श्री कुमार ने नामित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूर्व से तैनात अधिकारियों, बूथ लेबिल अधिकारियों तथा सुपरवाईजर्स के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर नो मैपिंग के सम्बन्ध जारी की गई नोटिस की सुनवाई तथा तार्किक विसंगतियों से सम्बन्धित मतदाताओं के सत्यापन का कार्य मासान्त मार्च 2026 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। एडीएम ने समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा करते रहें। उन्होंने सभी अधिकारियों का आहवान किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रुटि रहित तरीके से प्रगाढ़ पुनरीक्षण अन्तर्गत नोटिस की सुनवाई व तार्किक विसंगतियों के सत्यापन का कार्य समयबद्धता के साथ पूर्ण कराया जाय। इस अवसर पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मौजूद रहे।

# इंडियन बैंक प्रबंधक से समाजसेवियों की औपचारिक भेंट

न्यूज वाणी ब्यूरो

रूपईडीहा, बहराइच। कस्बे के प्रसिद्ध व्यापारी, समाजसेवी एवं पत्रकार व उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति बहराइच के उपाध्यक्ष शेर सिंह कशौधन ने अपने साथियों के साथ इंडियन बैंक शाखा रूपईडीहा के प्रबंधक पवन सिंह से औपचारिक भेंट कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। कस्बे के विकास, बैंकिंग सुविधाओं तथा व्यापार से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से विचार–विमर्श किया गया। शेर सिंह कशौधन ने बताया कि शाखा प्रबंधक पवन सिंह व्यवहार कुशल और उत.ष्ट प्रबंधन क्षमता वाले अधिकारी हैं। उनके कार्यभार संभालने के बाद से शाखा का कार्य सुचारु और तीव्र गति से संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बैंक के उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती। खाता धारकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाता है, जिससे ग्राहकों का विश्वास बैंक के प्रति लगातार बढ़ रहा है। साथ ही बैंक का कारोबार भी पहले की अपेक्षा काफी बढ़ा है और कस्बे के कई व्यापारी इस बैंक से जुड़कर अपने व्यापार को आगे बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर कस्बे के समाजसेवी जगदीश कौशल और विजय सिंह सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# ईद को लेकर नानपारा बाजार में रौनक, महिलाओं की खरीदारी से बाजार गुलजार

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। पवित्र रमजान महीने के अंतिम दौर के साथ ही ईद के त्यौहार की तैयारियां तेज हो गई हैं। नानपारा बाजार इन दिनों पूरी तरह से रौनक से भरा हुआ है। खासकर मुस्लिम समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में बाजार पहुंचकर जमकर खरीदारी कर रही हैं, जिससे व्यापारियों के चेहरे खिल उठे हैं। शाम ढलते ही नानपारा का मुख्य बाजार रोशनी और चहल–पहल से जगमगाने लगता है। कपड़ों की दुकानों, जूते–चप्पल, कॉस्मेटिक और श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। महिलाएं अपने और बच्चों के लिए नए कपड़े, चूड़ियां, मेहंदी, इत्र और अन्य श्रृंगार सामग्री खरीद रही हैं। व्यापारियों का कहना है कि इस वर्ष ईद को लेकर लोगों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। दिन से लेकर देर रात तक बाजार में ग्राहकों की भीड़ बनी रहती है, जिससे कारोबार में भी अच्छी बढ़ोतरी हुई है। कपड़ा बाजार में खास तौर पर नई डिजाइन के सूट, कुर्ता–पायजामा और बच्चों के परिधानों की मांग सबसे ज्यादा है। वहीं, बाजार में लगने वाले अस्थायी स्टॉलों पर भी लोगों की अच्छी भीड़ उमड़ रही है। मेहंदी लगाने वाली महिलाओं और चूड़ी विक्रेताओं के पास भी ग्राहकों की कतार लगी हुई है। ईद के करीब आते ही नानपारा बाजार पूरी तरह से उत्सव के रंग में रंग गया है। चारों ओर खरीदारी, हंसी–खुशी और रौनक का माहौल देखने को मिल रहा है, जिससे यह साफ है कि इस वर्ष ईद का त्योहार क्षेत्र में बड़े हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया जाएगा।

# घोसी सांसद ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से की मुलाकात

न्यूज वाणी ब्यूरो



मऊ। घोसी सांसद राजीव राय ने भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर मऊ शाहगंज रेलखंड पर तालीमुद्दीन इंटर कालेज के पास रेलवे अंडरपास के निर्माण हेतु अपने पूर्व में दिए गए आवेदन के बाबत को एक बार पुनः अवगत कराया। घोसी लोकसभा के सांसद राजीव राय ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर पूर्व में दिए गए कई अंडरपासों के कार्य प्रगति की जानकारी ली। मऊ–शाहगंज रेलखंड पर तालिमुद्दीन इंटर कॉलेज के पास हैदरनगर और अलीपुर को जोड़ने वाली सड़क पर रेलवे अंडरपास के निर्माण हेतु पत्र दिया। शीघ्र निर्माण हेतु अनुरोध किया। वहींघोसी सांसद ने 20 अगस्त 2025 को अपनी तथा केंद्रीय रेल मंत्री के साथ हुई बैठक पर भी ध्यान आ.ष्ट कराया, जिसमें इस अहम मुद्दे को सांसद द्वारा रेल मंत्री को अवगत कराया गया था। घोसी सांसद के बातों पर सहमति जताते हुए रेल मंत्री ने तत्काल भौतिक सर्वे हेतु आदेशित किया तथा इस अंडरपास के शीघ्र निर्माण हेतु आश्वस्त भी किया।

# सपा व्यापार सभा की मासिक बैठक में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक के अवसर पर रविवार को शास्त्री चौराहे स्थित बीकानेर रेस्टोरेंट में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी विकास गुप्ता विक्की के सानिध्य में तथा व्यापारी



नेता राहुल गुप्ता गींजा के संयोजन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ व्यापारी विजय सिंह वर्मा ने की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील यादव, विशिष्ट अतिथि शिक्षक संघ के महामंत्री डॉ. संजीव कुमार और पूर्व सभासद आशीष पटेल रहे। बैठक का संचालन व्यापार सभा के महामंत्री हरीश जौहरी ने किया। कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों और बड़ी संख्या में उपस्थित व्यापारियों का स्वागत करते हुए व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष राजीव चंदेल ने कहा कि देशी–विदेशी शराब के ठेकों को छोड़कर बाकी संपूर्ण व्यापार जगत में मंदी का माहौल है और बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में मौजूदा सरकार की नीतियों से त्रस्त व्यापारी निर्णायक भूमिका निभाते हुए उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने में अहम योगदान देंगे। जिला प्रवक्ता विकास गुप्ता विक्की ने कहा कि आज ऐसे हालात हो गए हैं कि यह भी खुशी की बात माननी पड़ रही है कि अमेरिका ने भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए 30 दिनों की मोहलत दे दी है। व्यापारी नेता राहुल गुप्ता, पावेंद्र शर्मा और आशीष वर्मा ने ई–कॉमर्स के कारण छोटे कारोबारियों और परंपरागत व्यापार को हो रही हानि पर चिंता व्यक्त की। विशिष्ट अतिथि डॉ. संजीव कुमार और आशीष पटेल ने व्यापारियों से एकजुट होकर समाजवादी व्यापार सभा के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि सुनील यादव ने गिरते बाजार और बदहाल व्यापार की स्थिति पर कहा कि ऐसे समय में हमें अपने आसपास के छोटे दुकानदारों और परिचित व्यापारियों से ही खरीदारी करनी चाहिए, जिससे उन्हें राहत मिल सके और स्थानीय व्यापार को मजबूती मिले। कार्यक्रम में व्यापार सभा के जिला कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार गुप्ता ने सभी व्यापारियों का स्वागत किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनी के साथ पावेंद्र शर्मा, विनीत सोनी, सौरभ वर्मा, अजय वर्मा, आकाशदीप जैन, आशीष वर्मा, मोहम्मद रहीश मंसूरी (पूर्व सभासद), वरिष्ठ समाजवादी नेता रामप्रकाश वर्मा और श्रीपत वर्मा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में जसवंतनगर प्रभारी सुरेश चंद वर्मा, रिजवान कुरैशी, जिला उपाध्यक्ष जैनुल आब्दीन, संतोष सोनी, शहर उपाध्यक्ष शिवम सिंह, अमित गुप्ता, बीनू वर्मा, श्री.ष्ण यादव, नानक मीनाकार, सुमेर सिंह, प्रमोद कुदेशिया, विमलेश यादव, कुलदीप सिंह, रंजीत सिंह, अजीत कुदेशिया, विनोद यादव, सुनीलानंद महाराज, विकास वर्मा, गिरजाशंकर गुप्ता, विनय सोनी, सौरभ चंदेल, हरिओम सिंह, आनंद सिंह, ज्ञान सिंह तोमर, भारत सिंह, विनोद कुमार सविता, कुलदीप गुप्ता, ऋषभ कांत, यशपाल सिंह, नंदकिशोर राजपूत, करन सविता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# पुलिस कार्यालय में एसएसपी ने की जनसुनवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस कार्यालय में आयोजित नियमित जनसुनवाई के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया। जनसुनवाई में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी शिकायतें



प्रस्तुत कीं। इस दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों और शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित राजपत्रित पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों से वार्ता कर समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का तत्परता और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना इटावा पुलिस की प्राथमिकता है, ताकि लोगों को समय पर न्याय मिल सके और उनकी समस्याओं का समाधान हो सके।


## आवश्यक सूचना

भारतीय रेल द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग कार्य के कारण निम्नलिखित रेलगाड़ियों के मार्ग परिवर्तन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| गाड़ी सं0 | स्टेशन से-स्टेशन तक | निर्धारित मार्ग | परिवर्तित मार्ग | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 20404 | लालगढ़ जं.-प्रयागराज जं. | चूरू जं.-लोहारू जं.-सीकर जं.- | चूरू जं.-फतेहपुर शेखावाटी- सीकर जं. | 16, 18, 20, 23, 25 व 27.04.2026 |
| 20403 | प्रयागराज जं.-लालगढ़ जं. | सीकर जं.-लोहारू जं.-चूरू जं.- | सीकर जं.- फतेहपुर शेखावाटी-चूरू जं. | 24 व 26.04.2026 |
| 12259 | सियालदह-बीकानेर जं. | रेवाड़ी जं.-लोहारू जं.-सादुलपुर जं.-चूरू जं. | रेवाड़ी जं.-जयपुर जं.-मेड़ता रोड जं.-(वाया बीकानेर जं.) | 26 व 27.04.2026 |

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन न0 139 या Railmadad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 519/26 (C)


# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के होली मिलन समारोह में उड़ा गुलाल अबीर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। होली का त्योहार भाईचारे का प्रतीक है हमें इस परंपरा को आपसे मिलजुल के साथ निरंतर जारी रखना चाहिए। उक्त उद्गार उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल युवा इकाई द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ एके शर्मा ने व्यक्त किये। उन्होंने आगे कहा कि व्यापार मंडल ऐसी आयोजन करके व्यापारियों की एकता को मजबूत कर रहा है। होली मिलन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश वरिष्ठ मंत्री बीके वर्मा प्रदेश मंत्री विवेक पोरवाल प्रदेश उपाध्यक्ष व शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप उपस्थित रहे। होली मिलन समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ जिला महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला ने की कार्यक्रम की संयोजक युवा जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता एवं सहसंयोजक युवा शहर अध्यक्ष मुकेश दुबे में सभी का अबीर गुलाल लगाकर अभिनंदन किया।



बैठक में प्रमुख रूप से जिला कोषाध्यक्ष लालजी पोरवाल जिला प्रभारी रवि पोरवाल भरथना के अध्यक्ष रजन पोरवाल उद्योग मंच के जिलाध्यक्ष मेजर पांडेय जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश वर्मा जिला उपाध्यक्ष राजीव पाल जिला संगठन मंत्री अवधेश कुमार दुबे नीरज कुमार रमेश जैन जिला मंत्री .ष्ण कुमार मिश्रा इनवर्टर बैटरी संगठन के अध्यक्ष सरदार मोहन सिंह शहर महामंत्री विवेक गुप्ता शहर कोषाध्यक्ष दीपचंद जैन युवा जिला उपाध्यक्ष तरुण रंजन गुप्ता अंकुर शाक्य शहर उपाध्यक्ष अनू गुप्ता एकलव्य भदोरिया अक्षय बाजपेई गोपाल पांडे युवा शहर महामंत्री अनिल यादव युवा शहर उपाध्यक्ष अमित दुबे आशीष दत्त तिवारी युवा शहर कोषाध्यक्ष गोविंद .ष्णा गोपी दुबे पीयूष वर्मा सचिन कुमार भदोरिया विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में अमित सिंह यादव नरेंद्र सिंह चौहान रघुनंदन शर्मा की गरिमामय उपस्थिति रही।

# चोरी की योजना बना रहे चार शातिर चोर गिरफ्तार

## - फ्रेंड्स कॉलोनी थाना पुलिस की कार्रवाई, कई घटनाओं का किया खुलासा
## - पुलिस ने चोरी के उपकरण व 10 हजार रुपये नकद किए बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधियों की गिरतारी के अभियान के तहत फ्रेंड्स कॉलोनी थाना पुलिस ने चोरी की योजना बना रहे चार शातिर चोरों को गिरतार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी में प्रयुक्त उपकरण तथा 10 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में की गई। फ्रेंड्स कॉलोनी थाना पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों तथा होटलों की चेकिंग के लिए भ्रमण कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति रेलवे कॉलोनी स्थित पानी की टंकी की बाउंड्री के अंदर खड़े हैं और किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और रेलवे कॉलोनी स्थित पानी की टंकी के पास से चारों आरोपितों को गिरतार कर लिया। पुलिस टीम ने पकड़े गए व्यक्तियों से नाम–पता पूछते हुए उनकी तलाशी ली, जिसमें उनके कब्जे से एक लोहे की रॉड, एक पेचकस, एक प्लास, एक आरी का ब्लेड, एक टॉर्च, एक लोहे की छेनी, एक लोहे की संडासी, एक लोहे का पाना, तीन हथौड़े, दो छुरे, एक छोटी रॉड, एक एंड्रॉयड मोबाइल (रियलमी कंपनी) तथा 10,000 रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपितों ने कई चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपितों ने बताया कि 10/11 जुलाई 2025 की रात फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र की शांति कॉलोनी में एक मकान से आभूषण और नकदी चोरी की थी, जिसके संबंध में थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पर मुकदमा संख्या 187/2025 धारा 305 बीएनएस पंजी.त है। इसके अलावा 22 फरवरी 2026 को इकदिल थाना



क्षेत्र के ग्वालियर बाइपास रोड स्थित विकास कॉलोनी के मकानों से घरेलू सामान, आभूषण, मोबाइल तथा कैमरे का एनवीआर चोरी किया था। इस संबंध में थाना इकदिल पर मुकदमा संख्या 38/2026 धारा 305(ए) बीएनएस पंजी.त है। गिरतार अभियुक्त बृजेश उर्फ बच्चे पुत्र फूलन सिंह निवासी तहसील तिराहा गिहार कॉलोनी शिकोहाबाद थाना शिकोहाबाद, मुखिया उर्फ मुकेश पुत्र लायक सिंह निवासी गिहार कॉलोनी सिरसागंज थाना सिरसागंज, गौरव पुत्र फूलन सिंह निवासी तहसील तिराहा गिहार कॉलोनी शिकोहाबाद थाना शिकोहाबाद, दीपक पुत्र अनंतराम निवासी मोहल्ला कायमगंज थाना सिरसागंज बताया। पंजी.त अभियोग मुकदमा संख्या 59/2026 धारा 313, 317(2), 317(4) बीएनएस व धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना फ्रेंड्स कॉलोनी में पंजी.त किया गया है। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अमित मिश्रा, उप निरीक्षक शंकरानंद, उप निरीक्षक दीपक सिंह, उप निरीक्षक सौरभ सिंह, उप निरीक्षक भारत सिंह, कांस्टेबल राहुल, कांस्टेबल योगेश सिंह, कांस्टेबल पुष्पेंद्र कुमार, कांस्टेबल सुनील कुमार, कांस्टेबल हेमराज तथा कांस्टेबल कुलदीप कुमार शामिल रहे।

# अवैध मेले को लेकर पुलिस से कार्रवाई की मांग, एआईएमआईएम पदाधिकारी ने सौंपा ज्ञापन

मुंब्रा (ठाणे)/ न्यूज़ वाणी

मुंब्रा क्षेत्र में प्रस्तावित एक मेले को लेकर विवाद सामने आया है। ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन (।प्डप्ड) के पदाधिकारी ने पुलिस प्रशासन को पत्र देकर बिना अनुमति लगाए जा रहे मेले पर रोक लगाने की मांग की है। पैनल नंबर 32 के अध्यक्ष गफ्फार शेख द्वारा वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, मुंब्रा पुलिस स्टेशन को दिए गए पत्र में बताया गया है कि मुंब्रा प्रभाग समिति के अंतर्गत नौशाद सिद्दीकी उर्फ चुनू नामक व्यक्ति द्वारा बिना किसी आधिकारिक अनुमति के मेला आयोजित करने का प्रयास किया जा रहा है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि पिछले वर्ष इसी स्थान पर आयोजित मेले के दौरान भारी भीड़ के कारण विवाद और झगड़े की घटनाएं सामने आई थीं। साथ ही वहां नशाखोरी और अन्य अवांछित गतिविधियों की भी शिकायतें मिली थीं। आरोप है कि मेले के नाम पर अश्लील डांस कार्यक्रम भी आयोजित किए गए थे, जिससे महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई थी। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि यदि इस प्रकार का मेला दोबारा आयोजित किया गया तो दुर्घटना या अन्य अप्रिय घटनाओं की



संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में किसी भी घटना की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। एआईएमआईएम पदाधिकारी ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि बिना अनुमति लगाए जा रहे इस मेले को तुरंत रोका जाए और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए।

# जगन्नाथपुर में उत्साह के साथ मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। निशान वेलफेयर




सोसाइटी की टीम ने जगन्नाथपुर क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम में संस्था के सभी टीम सदस्य शामिल हुए। बड़ी संख्या में किशोरियों व महिलाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व किशोरियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व और इसके इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि महिला दिवस की शुरुआत महिलाओं के अधिकार, समानता और सम्मान के लिए हुए आंदोलनों से हुई थी। महिलाओं को प्रेरित करने के लिए रानी लक्ष्मीबाई, सावित्रीबाई फुले और मदर टेरेसा जैसी महान महिलाओं के जीवन से उदाहरण प्रस्तुत किए गए। जिन्होंने अपने साहस, शिक्षा और सेवा से समाज में एक मिसाल कायम की। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम से उन्हें यह एहसास हुआ कि महिलाएं भी समाज में उतनी ही महत्वपूर्ण और सम्मानित हैं, और महिला दिवस वास्तव में उनके सम्मान और अधिकारों का प्रतीक है। साथ ही किशोरियों को शिक्षा के महत्व के बारे में समझाते हुए कहा गया कि यदि जानकारी से वे पढ़–लिखकर आगे बढ़ती हैं और अपने गांव तथा परिवार का नाम रोशन करती हैं, तो यह हमारे लिए अत्यंत गर्व और खुशी की बात होगी। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं और किशोरियों ने शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया।

# विभिन्न थानों में दो दर्जन से अधिक अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए कुल 30 अभियुक्तों को गिरतार किया गया। सभी के खिलाफ बीएनएसएस की विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की गई है। थाना चौबिया पुलिस ने धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए 17 अभियुक्तों व अभियुक्ताओं को गिरतार किया। गिरतार किए गए लोगों में अमन पुत्र राजेंद्र बाबू, विकास पुत्र कुंवर पाला, राजीव कुमार पुत्र कुंवरपाल, बबलू कुमार पुत्र रमेश बाबू, राजेश पुत्र कुंवर, विशेष पुत्र राजेंद्र, रमेश बाबू पुत्र रामस्वरूप, नवनीत पुत्र रामप्रताप, ओमकार पुत्र महेश बाबू, रवि कुमार पुत्र दर्शन सिंह, अनिल कुमार पुत्र रामनारायण निवासी दहिगांव थाना दिबियापुर जनपद औरैया (हाल निवासी ग्राम बीना थाना चौबिया), अनुराग पुत्र सुघर सिंह, सुखबीर पुत्र सुघर सिंह, दीपु पुत्र अवधेश तथा तीन महिलाएं शामिल हैं। सभी निवासी ग्राम बीना थाना चौबिया जनपद इटावा हैं। थाना ऊसराहार पुलिस ने धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए अनिल कुमार पुत्र श्री.ष्ण, अवधेश कुमार पुत्र महेंद्र सिंह, रवि उर्फ बबलू पुत्र महेंद्र सिंह निवासी भाऊपुरा थाना ऊसराहार को गिरतार किया। थाना चकरनगर पुलिस ने धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए आठ अभियुक्तों व अभियुक्ताओं को गिरतार किया। इनमें दीपु उर्फ श्याम सिंह पुत्र रामरतन, पंचम पुत्र सर्वेश, आकाश पुत्र मुन्नीलाल, मोहित पुत्र मुन्नीलाल निवासी ग्राम गनियावर थाना चकरनगर तथा चार महिलाएं शामिल हैं। थाना वैदपुरा पुलिस ने धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए उदयवीर पुत्र आशाराम तथा सुरजीत पुत्र आशाराम निवासी नगला हरे थाना वैदपुरा को गिरतार किया। पुलिस के अनुसार जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

# पहाड़पुर में गंदगी का अंबार, ग्रामीणों में बीमारियों का डर

न्यूज वाणी ब्यूरो/खागा, फतेहपुर। विजयीपुर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत पहाड़पुर में साफ–सफाई की व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। गांव की गलियों और नालियों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे ग्रामीणों में संक्रामक बीमारियों का भय बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार जहां स्वच्छता अभियान को लेकर बड़े–बड़े दावे करती है, वहीं जमीनी हकीकत इसके उलट दिखाई दे रही है। गांव की नालियां लंबे समय से साफ नहीं कराई गई हैं और गलियों में नियमित झाड़ू भी नहीं लगाई जा रही है। जगह–जगह फैली गंदगी से बदबू फैल रही है, जिससे लोगों का जीना दूभर हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पंचायत स्तर पर सफाई व्यवस्था को लेकर जिम्मेदारों की उदासीनता साफ नजर आ रही है। सफाई कर्मियों की अनियमितता के कारण गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द गांव में साफ–सफाई की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो सका। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आगे उच्च अधिकारीयो से शिकायत करेंगे।


न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
11 वर्षो से आपकी सेवा में तत्पर
फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान
जाफ़री चश्में वाले
थोक व फुटकर चश्में
39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस
करूणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने
(निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)
कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा।
नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें।
कान की मशीन मात्र 450/- में
कान्टेक्ट लेंस मात्र 350/- में
सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620
प्रो. नफीस अहमद जाफ़री
संपादक-राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज वाणी

## कंपोजिट विद्यालय बिलंदपुर में ताला काटकर चोरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। तेलियानी विकास खण्ड की ग्राम पंचायत बिलंदपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय बिलंदपुर में रविवार की रात अज्ञात चोरों ने बाउंड्री के तार काटकर विद्यालय में ताला व इंटरलॉक तोड़कर चोरी कर ली। जिसमें प्रधानाध्यापक कक्ष की आलमारी तोड़कर चाबियां निकाल कर अन्य कक्षा कक्षों को भी खोला और विद्यालय ऑफिस का इनवर्टर, बैट्री, साउंड सिस्टम, आईसीटी रूम से प्रिंटर, यूपीएस, पेडेस्टल फैन और किचन का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर ले गए। प्रधानाध्यापक ममता वर्मा ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना राधानगर में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु प्रार्थना पत्र दिया। सहायक अध्यापक अदीप सिंह ने 112 नंबर डायल कर सूचित किया। मौके पर तत्काल पुलिस कर्मियों ने आकर मौके का मुआयना किया।

## तुर्की नाला पुल पर ओवरलोड ट्रकों की होती आवाजाही

### – कभी भी हो सकता हादसा, जिम्मेदारी से बच रहे अधिकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। किशनपुर क्षेत्र स्थित तुर्की नाला पुल की जर्जर हालत के बीच ओवरलोड ट्रकों की आवाजाही से कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि पुल और उसके वैकल्पिक रास्ते से भारी व ओवरलोड ट्रक गुजर रहे हैं। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जिलाध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, देवेंद्र, रामेंद्र आदि लोगों का कहना है कि पुल पहले से ही क्षतिग्रस्त है और उसकी मरम्मत को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इसके बावजूद भारी वाहनों की आवाजाही जारी है। सवाल यह उठ रहा है कि वैकल्पिक मार्ग से ओवरलोड वाहनों को निकलने की अनुमति किसने दी और लोक निर्माण विभाग ने किस आधार पर ऐसा आदेश जारी किया है। ग्रामीणों के मुताबिक दादो पुल और उससे जुड़ी सड़क भी लंबे समय से जर्जर हालत में है। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। यदि इसी तरह ओवरलोड ट्रकों की आवाजाही जारी रही तो पुल और सड़क की स्थिति और भी खराब हो सकती है, जिससे किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। नियमों की बात करें तो मोटर वाहन अधिनियम और सड़क सुरक्षा मानकों के अनुसार किसी भी क्षतिग्रस्त या कमजोर पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही रोकने के निर्देश होते हैं। ऐसे स्थानों पर प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड और वैकल्पिक सुरक्षित मार्ग की व्यवस्था करना अनिवार्य माना जाता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पुल की स्थिति की तत्काल जांच कराई जाए और ओवरलोड वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाए कि अगर भविष्य में कोई दुर्घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी किस विभाग और किस अधिकारी की होगी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और अधिकारियों की होगी।

## अलग- अलग स्थानों पर फांसी के फंदे पर लटके मिले युवकों के शव

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तेजी की अड़ार के समीप जंगल में ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने सोमवार की सुबह लगभग 17 वर्शीय किशोर का षव फांसी पर लटका बरामद किया। इसी प्रकार राधानगर थाना क्षेत्र के सथरियांव में घर के अंदर फांसी लगाकर 22 वर्शीय युवक ने अपनी जान दे दी। जानकारी के अनुसार तेजी की अड़ार गांव निवासी संतू का पुत्र संजय का षव गांव के बाहर जंगल में सोमवार की सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने फंदे से लटका षव बरामद किया है। मृतक के चाचा संतराम ने बताया कि भतीजे ने गांव के ही लालू से उधार षराब पी थी। जिसका पैसा मांगने लालू घर आया था। जिस पर उसने दूसरे दिन देने की बात कही। तभी लालू धमकी देते हुए चला गया था। लोगों का कहना है कि उधारी के पैसे को लेकर ही लालू ने ही उसकी हत्या करके षव को लटका दिया है। इसी प्रकार सथरियांव गावं निवासी कुबेर के पुत्र राजेष ने मानसिक तनाव के चलते घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों षवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक राजेष के परिजनों ने बताया कि वह ई–रिक्षा चलाकर वह परिवार का पालन–पोशण करता था।

## पोशण हेतु लाभकारी है गेहूं की डीबी डब्ल्यू 371

### – कृषि वैज्ञानिक ने गेहूं के प्रदर्षन खेतों का किया भ्रमण



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कृषि विज्ञान केन्द्र थरियांव के आयोजित समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन (सीएफएलडी) में .षि वैज्ञानिक डा. जितेन्द्र सिंह, मौसम प्रेक्षक विवेक दुबे, असोथर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के निदेशक, जयदेव सिंह के साथ गेहूं के प्रदर्शन खेतो में भ्रमण किया। पाया गया कि अन्य प्रजातियों से प्रदर्शन प्रजाति डीबी डब्ल्यू–371 में अधिक कल्ले और बाल की लंबाई एवं मोटाई अधिक है। एक समान फसल है। उत्पादन अधिक होने की उम्मीद है। इस प्रजाति में प्रोटीन एवं जिंक की मात्रा अधिक होने से पोषण हेतु लाभकारी है सुझाव दिया गया कि इसका बीज एफपीओ के माध्यम से अधिक .षकों के बीच वितरित कर क्षेत्र विस्तार किया जाए। फसल में नैनो डीएपी का प्रयोग किया गया है। क्षेत्रीय किसान प्रदर्शन प्लाट पर भ्रमण जरूर करें। जयदेव सिंह ने बताया कि विभिन्न आयोजित गोष्ठी, एफपीओ बैठक में आने वाले .षकों का भ्रमण कराया जाता है।

## महिलाओं की शिकायतों का प्राथमिकता से करें निस्तारण : अंजू

### - जनसुनवाई में आई नौ शिकायतें, संबंधित विभागों को अग्रसारित
### - आयोग की सदस्य ने यूपीएससी में स्थान लाने वाली छात्रा को आवास पहुंचकर दी बधाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू



प्रजापति की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें दूर–दराज से आई महिलाओं की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। कुल नौ आवेदन प्राप्त हुए। शिकायतों को संबंधित विभागों को अग्रसारित करते हुए निर्देशित किया कि गुणवत्तापूर्ण, प्राथमिकता के आधार व समयबद्ध ढंग से संवेदनशीलता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके उपरांत पिछली जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। आयोग की सदस्य ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान महिलाओं को विधिक अधिकारों एवं विभिन्न कानूनों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की गई। सदस्य अंजू प्रजापति ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र महिलाओं तक शत–प्रतिशत पहुंचाया जाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने पर भी विशेष बल दिया तत्पश्चात संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में जनपद की दो बेटियों खागा निवासी रंजना सिंह सेंगर एवं ग्राम मौजमाबाद निवासी शंभवी तिवारी ने पास कर जनपद का मान बढ़ाया। सदस्या ने खागा पहुंचकर रंजना सिंह सेंगर को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। सदस्या कल (आज) भिटौरा ब्लॉक के मौजमाबाद निवासी शंभवी तिवारी को बधाई देने जाएंगी। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष, प्रोबेशन कार्यालय के अधिकारी/ कर्मचारीगण सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रेम प्रसंग के चलते युवती की मां व भाई ने की थी हत्या

### - पुलिस ने घटना का खुलासा कर मां व भाई को दबोचा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के पैगम्बरपुर बकरी गांव में खेत में मिले युवती के संदिग्ध शव मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए मृतका की मां और भाई को गिरतार कर लिया है। पुलिस के अनुसार युवती की हत्या परिवार की बदनामी के डर से की गई थी। पुलिस के मुताबिक दो मार्च को पैगम्बरपुर बकरी गांव स्थित बोधन कुम्हार के खेत में फरजाना पुत्री इमाम खां का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। सूचना मिलने पर पुलिस ने चौकीदार आशाराम की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस को मृतका की मां अफसाना और भाई अफसार पर संदेह हुआ। मोबाइल कॉल डिटेल और लोकेशन की जांच में सामने आया कि घटना की रात दोनों के बीच कई बार बातचीत हुई थी। पुलिस ने रविवार को टिकरी मोड़ नहर पुलिया के पास से दोनों को गिरतार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि फरजाना का किसी से प्रेम प्रसंग था, जिससे परिवार को समाज में बदनामी का डर था। इसी वजह से 1–2 मार्च की रात मां और भाई ने उसे अरहर के खेत में ले जाकर जबरन सल्फास खिला दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद शव को चने के खेत में छोड़ दिया गया। घटना के बाद मां फतेहपुर चली गई और



अगले दिन थाने पहुंचकर बेटी की मौत की सूचना दी। पुलिस ने गिरतार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। खुलासा करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष हनुमान प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक अरविंद कुमार मौर्य, महिला उपनिरीक्षक ज्योति कौशिक, कांस्टेबल अनिल कुमार यादव, धीरेन्द्र सिंह व महिला आरक्षी पूनम शामिल रहीं।

## पूर्ण विकसित देश बनने में महिलाओं का होगा विषेश योगदान : रिंकू

### - अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भाजपा मंडल प्रभारी ने मातृ शक्तियों का किया सम्मान



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अंतर्राश्ट्रीय महिला दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल प्रभारी एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी ने आवास पर मातृ षक्तियों को सम्मानित किया। उन्होने कहा कि पूर्ण विकसित देष बनने में महिलाओं का विषेश योगदान होगा। मंडल प्रभारी व जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी ने अवध ी महिला कलाकार रेनू, सोनी व कामिनी चौहान को उपहार भेंटकर सम्मानित किया। श्री लोहारी ने कहा कि देष की आधी आबादी पचास प्रतिषत महिलाओं की भागीदारी के कारण समाज के प्रत्येक क्षेत्र शिक्षा, व्यापार, राजनीति, कृषि समेत अन्य कार्य में महिलाओं की भागीदारी रहती है। अंतर्राश्ट्रीय महिला दिवस पर अवधी कलाकार रेनू, सोनी की विषेश भूमिका रहती है। इसी महिला दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा नेता कामिनी चौहान के साथ अवधी परिवार का स्वागत पटका व उपहार देकर किया गया। श्री लोहारी ने बताया कि भारत 2047 में जब पूर्ण विकसित देष बनकर तैयार होगा तो महिलाओं का विषेश योगदान रहेगा। इस मौके पर नीरज अग्निहोत्री, सनी सिंह, सुभाश श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

## इजूरा मोड़ से संकठन घाट तक जर्जर सड़क से बढ़ी परेशानी, ग्रामीणों ने जताई चिंता

### - सुल्तानपुर घोष के लोगों ने सड़क निर्माण की मांग उठाई, सांसद से मिलने की तैयारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इजूरा मोड़ से संकठन घाट तक जाने वाली जर्जर सड़क को लेकर क्षेत्र के लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण आम राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से संकठन घाट स्थित अंत्येष्टि स्थल तक पहुंचने में लोगों को काफी परेशानी होती है। इस विषय में स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश या कीचड़ के समय स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिससे अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील कार्यों में भी लोगों को कठिनाई झेलनी पड़ती है। इस सड़क से आसपास के कई गांवों के लोगों का आवागमन होता है, इसलिए लंबे समय से इसके निर्माण की मांग उठती रही है। साथ ही बताया गया कि इसी विषय को लेकर ग्राम सभा सुल्तानपुर घोष के निवासियों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों ने बैठक कर चिंता व्यक्त की और समस्या के समाधान के लिए चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द ही सांसद नरेश उत्तम पटेल से मुलाकात कर सड़क निर्माण की मांग रखी जाएगी। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं



सपा नेता मोहम्मद शहजादे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं भावी प्रधान प्रत्याशी मोहम्मद ज़फ़र, पूर्व प्रधान गंगा प्रसाद पाल, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि जैनुल आब्दीन उर्फ मुन्ना मीर, पत्रकार शीबू खान, भावी प्रधान प्रत्याशी जुनेद हक़, सपा नेता कमलेश मौर्या सहित कई लोगों ने सड़क की बदहाल स्थिति पर चिंता जताते हुए जल्द निर्माण कराने की मांग की। इस चिंतन बैठक में पिंटू शुक्ला, मोहम्मद शहरोज, शहाबुद्दीन अंसारी, नईमुद्दीन (अहमदपुर), राजदीप पाल सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## आदर्श अधिवक्ता संगठन के प्रत्याशियों ने कराया होली मिलन

### – अबीर–गुलाल लगाकर एक–दूसरे को दी पर्व की बधाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आदर्श अधिवक्ता संगठन के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रमेश भदौरिया एडवोकेट व महामंत्री पद के प्रत्याशी धर्मेंद्र मिश्रा एडवोकेट के नेतृत्व में डीबीए हाल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने अबीर, गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दिया। वहीं अपने संबोधन में बोलते हुए अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रमेश भदौरिया और महामंत्री पद के प्रत्याशी धर्मेंद्र मिश्रा ने संयुक्त रूप से कहा कि चुनावी मैदान में वह अधिवक्ताओं के हित के लिए उतरे हैं और अगर जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में इस बार अधिवक्ता साथी उन पर विष्वास करते हैं और उन्हें विजयश्री मिलती है तो वह अधिवक्ता हित के लिए कार्य



करेंगे जोकि इतिहास बनेगा। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गया प्रसाद दुबे, विमल त्रिपाठी, अजीत सिंह राठौर, संतोष कुमारी शुक्ला, देवेंद्र सिंह, श्रवण कुमार गौड़, आशीष गौड़, परमहंस मिश्रा, सुरेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, ललित मिश्रा, रवि प्रकाश, प्रशांत श्रीवास्तव, पुष्कल भट्ट, अभिलाष त्रिवेदी, प्रेम पांडेय, सिद्धांत सिंह, अभिषेक सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## वृद्ध दंपति का कमरे से बरामद हुआ शव

### – तरह–तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम फुलवामऊ में सोमवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध दंपति को मृत अवस्था में बरामद करते हुए विच्छेदन गृह भेजा है। वहीं दंपति की मौत के बाद गांव में तरह–तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। जानकारी के अनुसार फुलवामऊ गांव निवासी स्व0 राजनारायण का 70 वर्शीय पुत्र रामबरन व पत्नी रूपरानी 65 वर्श का सोमवार की सुबह कमरे में मृत अवस्था में षव पड़ा देख घर वालों के होष उड़ गए। तभी किसी ने इसकी सूचना क्षेत्रीय पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों षवों का पंचनामा भर विच्छेदन गृह भेजा है। घटना के बाबत लोगों में चर्चा है कि जिस कमरे में दंपति का षव पड़ा था वहां जहरीले पदार्थ की महक आ रही थी। वहीं ग्राम प्रधान रमाकांत षिवहरे ने बताया कि मृतक रामबरन दिल व स्वांस का रोगी था। पत्नी के जोड़ों में दर्द होता था। हो सकता है कि बीमारी के कारण ही दोनों ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण ज्ञात हो सकेगा।

## डीएम से मिली व्यापार मंडल की शहर कमेटी

### – मांग पूरी होने पर बुके भेंटकर किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। सोमवार को व्यापार मंडल की शहर कमेटी ने जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल की अगुवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह को अंगवस्त्र पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। स्वागत के उपरांत जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल ने बताया कि गत दिनों होली व ईद पर्व को लेकर कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में जनहित में दो समस्याएं उठाई गई थीं। जिनमें खागा नगर में प्रातः 6 बजे से 8 तक होने वाली विद्युत कटौती का समय बदलवाने व षहर के चौक चौराहे स्थित गोमती स्वीट हाउस के पास लगे जर्जर विद्युत पोल को तुरंत बदलवाने की मांग की गई थी। डीएम ने दोनों समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जनहित में त्वरित निस्तारण किया। खागा नगर की सुबह होने वाली कटौती का समय भी बदल गया। साथ ही शहर के चौक चौराहा स्थित जर्जर विद्युत पोल को भी तुरंत बदला गया। इस मौके पर व्यापार मंडल के वरिष्ठ जिला महामंत्री जितेंद्र सिंह यादव उर्फ सोनू, जिला उपाध्यक्ष अनिल साहू, युवा जिलाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्त सभासद समाजसेवी, शहर अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, महामंत्री दीपक साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू, राजीव सिंह, खागा युवा मंत्री विष्णु शुक्ल, जिला मीडिया प्रभारी अनुपम शुक्ल, अखिलेश तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## विद्यालय व घर में स्वच्छता रखना बेहद जरूरी : डा. अनुराग

### - 459 बच्चों व बुजुर्गो को बांटी चिकनपॉक्स से बचाव की दवा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, आरोग्य भारती, दि होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में पुनः चेयरमैन व प्रदेष कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने चिकनपॉक्स बचाव महाभियान चलाया। डॉ अनुराग ने बच्चों से कहा



कि सबसे अधिक समय आप लोगों का विद्यालय व घर में गुजरता है इसलिए हम सभी को अपने विद्यालय व घर में स्वच्छता रखनी होगी तभी हम बहुत सारी बीमारियों से बच सकते हैं। भोजन से पहले व शौच जाने के बाद साबुन से हाथ अच्छी तरह से धुलना चाहिए। डॉ अनुराग ने श्री भृगु वेद विद्यालय के 37, कम्पोजिट विद्यालय सहिमापुर के 82, प्राथमिक विद्यालय डोलेपुर के 34, कम्पोजिट विद्यालय सलेमाबाद के 108, कम्पोजिट विद्यालय जमालपुर मवइया के 54, समाजकल्याण विभाग द्वारा संचालित मवइया स्थित वृद्धाश्रम के 102 बुजुर्गों, प्राथमिक विद्यालय जमालपुर के 42 कुल 459 बच्चों व बुजुर्गों को चिकनपॉक्स से बचाव व संक्रमण को कम करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि का वितरण किया। इस अवसर पर स्वामी विज्ञानानंद, विद्यालय के प्रधानाचार्य रामजी, ज़हरा खातून, दीक्षा सिंह, हेमंत त्रिपाठी, ख़दीजा अल्वी, वार्डन नीतू वर्मा, कविता कुमारी सहित प्रमुख सहयोगी आजीवन सदस्य सुरेश कुमार श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## सनातन धर्म जागरण व होली महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा

### - आचार्यकुलम् की बैठक में शहरवासियों से सहयोग की अपील

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सनातन धर्म के प्रचार–प्रसार एवं तिथि–पर्वों के उत्सवपूर्ण आयोजन के लिए प्रतिबद्ध आचार्यकुलम संस्था ने होली महोत्सव को भव्य रूप देने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में संगठन द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी होली महोत्सव की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित प्रमुख पदाधिकारियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने सनातन संस्ःति के संरक्षण एवं धर्म जागरण के उद्देश्य से इस महोत्सव को सफल बनाने का संकल्प लिया। संगठन ने सभी नगरवासियों को विशेष रूप से आमंत्रित करते हुए अपील की है कि वे इस आयोजन में बढ़–चढ़कर भाग लें और सनातन धर्म के प्रचार–प्रसार में अपना सक्रिय योगदान दें। अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। आचार्य कुलम के पदाधिकारियों ने बताया कि यह



आगामी 17 मार्च को प्रातः 11 बजे से षहर के पीरनपुर इलाके में सनातन धर्म जागरण व होली महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से डॉ. शिव प्रसाद त्रिपाठी, भोला प्रसाद मिश्रा, अशोक बाजपेई, प्रदीप तिवारी, गया प्रसाद मिश्रा, अंकित शुक्ला, विशाल दुबे सहित महोत्सव न केवल रंगों का त्योहार होगा, बल्कि सनातन मूल्यों, भाईचारे और सांस्ःतिक एकता का भी प्रतीक बनेगा। शहर के सभी प्रबुद्ध एवं जागरूक नागरिकों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि पर पीरनपु पहुंचकर इस पवित्र आयोजन को सफल बनाएं।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )